

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार, 12 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-136 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 अगस्त 2025 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## वोटर वेरिफिकेशन पर दूसरे दिन भी संसद में हंगामा

■ विपक्षी सांसद 'मिंता देवी' की तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे दावा- यह 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर

**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** संसद के दोनों सदनों में बिहार SIR पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा दोपहर 3 बजे तक और राज्यसभा दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं।

विपक्ष के हंगामे के कारण विधेयकों पर चर्चा नहीं हो पा रही है। सोमवार को भी बिना चर्चा के 8 विधेयक बिना बहस के ही पास हो गए। लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, नेशनल एंटी-डोपिंग (संशोधन) बिल, इनकम टैक्स (नंबर 2) बिल और टैक्सेशन लॉ (संशोधन) बिल पास हुआ।

राज्यसभा में गोवा में अनुसूचित जनजातियों के विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्संयोजन से जुड़ा बिल, मर्चेंट शिपिंग बिल, मणिपुर विनियोग बिल और मणिपुर जीएसटी (संशोधन) बिल पास किए गए। सोमवार को भी विपक्ष के 300 सांसदों ने वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग के दफ्तर तक मार्च निकाला था। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। हालांकि 2 घंटे बाद इन्हें छोड़ दिया गया था।




### मुनीर एक सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे : ओवैसी

**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की अमेरिका की धरती से भारत के खिलाफ ताजा परमाणु धमकी की निंदा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को इस पर राजनीतिक प्रतिक्रिया देनी चाहिए। औवेसी ने संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मामले को लेकर तल्ख प्रतिक्रिया दी। पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की परमाणु धमकी पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'पाकिस्तान के सेना प्रमुख के शब्द और उनकी धमकियां निंदनीय हैं।

## संक्षेप

### पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, डीआरजी के 2 जवान घायल

**बीजापुर, 12 अगस्त।** बीजापुर जिले के बोड़ला-पुसनार के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई. दोनों तरफसे रुक-रुककर गोलीबारी जारी है. इस मुठभेड़ में डीआरजी के 2 जवान गोली लगने से घायल हो गए हैं. बीजापुर एसपी ने घटना की पुष्टि की है. जानकारी के अनुसार, मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है. सर्च अभियान में निकले जवानों पर आज सुबह नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. इसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए गोलियों का जवाब दिया. दोनों तरफसे हुई गोलीबारी में डीआरजी के दो जवान घायल हो गए हैं. मुठभेड़ में घायल जवानों को जिला चिकित्सालय बीजापुर में प्राथमिक ईलाज लाया गया. इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए चॉपर के माध्यम से हायर सेंटर रायपुर के लिए किया गया रेफर. फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने दोनों जवानों की हालात खतरे से बाहर होने की बात कही है.

### पाकिस्तान ने भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस सप्लाई रोकी

**इस्लामाबाद, 12 अगस्त।** पाक ने इस्लामाबाद में भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूजपेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है।

### किरंदुल प्लांट में भीषण आग, प्रोडक्शन रुका

**किरंदुल, 12 अगस्त।** बस्तर इलाके में किरंदुल स्थित एनएमडीसी के प्लांट में एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया है। दरअसल, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के कन्वेयर बेल्ट में भीषण आग लगी है। वार्ड नंबर 12 फाइन ओर कैंप के नजदीक कन्वेयर बेल्ट में आग लगने से पूरे प्लांट में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियां आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। प्लांट में आग लगने की वजह से प्रोडक्शन रुका हुआ है। जानकारी के अनुसार लगभग 200 मीटर से अधिक बेल्ट में आग लगी है। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। इन्हीं कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से लौह अयस्क को पहाड़ो से नीचे लाया जाता है। इस आगजनी से हस्ब्ष्ट का प्रोडक्शन फिलहाल रुका हुआ है, जिससे करोड़ों के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

### जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने कहा

## 'पैनल ने सही काम किया, उनका आचरण विश्वास नहीं जगाता'

**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** सरकारी आवास में भारी मात्रा में नगदी मिलने के आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को आज सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने आंतरिक जांच कमेटी की रिपोर्ट को चुनौती देने वाली जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज कर दी है। आंतरिक जांच कमेटी ने जस्टिस वर्मा को गंभीर कदाचार का दोषी पाया था और अपनी रिपोर्ट में कहा था कि जस्टिस वर्मा पद पर बने रहने लायक नहीं हैं। इसके अलावा जस्टिस वर्मा ने भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) संजीव खन्ना द्वारा उन्हें पद से हटाने के लिए की गई सिफारिश को भी चुनौती दी थी।

**कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा:** शीर्ष अदालत ने जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज करते हुए कहा कि उनका आचरण विश्वास नहीं जगाता जिसके लिए उनकी याचिका पर विचार किया जाए। साथ ही कहा कि आंतरिक जांच कमेटी की प्रक्रिया में कोई कानूनी खामी नहीं है प्रक्रिया पूरी तरह से कानूनी थी और सीजेआइ द्वारा उन्हें पद से हटाने की सिफारिश करने में भी कुछ गलत नहीं है।



### सीजेआई ने बनाई थी आंतरिक जांच कमेटी



जस्टिस वर्मा जब दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश थे तब उनके सरकारी आवास में आग लग गई थी जिसे बुझाने पहुंचे अग्निशमन दल और पुलिस को उनके आवास में स्थित एक स्टोर रूप से भारी मात्रा में जले हुए नोटों की गड्डियां मिलीं थी। जिसके बाद तत्कालीन सीजेआइ संजीव खन्ना ने मामले की जांच के लिए हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों की एक आंतरिक जांच कमेटी बनाई थी।

### सीजेआई न्यायपालिका के मुखिया उनका देश की जनता के प्रति भी कर्तव्य

सुप्रीम कोर्ट ने सीजेआई की जस्टिस वर्मा को पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से की गई सिफारिश में किसी तरह की कानूनी खामी से इनकार किया है। कोर्ट ने कहा कि सीजेआइ न्यायपालिका के मुखिया हैं और न्याय व्यवस्था की शुचिता बनाए रखने में उनका देश की जनता के प्रति भी कर्तव्य है। ये सोचना अनुचित होगा कि मौजूदा घटना होने पर सीजेआइ, संसद के कार्रवाई करने का इंतजार करते। पीठ ने कहा कि ये संसद पर निर्भर करता है कि वह कोई कार्रवाई करे या न करे लेकिन सीजेआई के पास कार्रवाई का नैतिक और कानूनी अधिकार है। वे संस्था की विश्वस्नीयता और अक्षुण्णता बनाए रखने के लिए जरूरी कार्रवाई कर सकते हैं।

सीजेआइ न्यायपालिका के मुखिया हैं और न्याय व्यवस्था में शुचिता बनाए रखने के बारे में उनका देश के लोगों के प्रति भी कर्तव्य है।

सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद जस्टिस वर्मा के लिए राहत के सारे दरवाजे बंद हो चुके हैं। उन्हें पद से हटाने के लिए उनके खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव संसद में शुरू हो चुका है।

वैसे भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका या आंतरिक जांच कमेटी की कार्यवाही का संसद में प्रस्तावित महाभियोग कार्यवाही से कोई लेना देना नहीं है हालांकि अगर सुप्रीम कोर्ट से जस्टिस वर्मा को राहत मिल जाती और कोर्ट जांच कमेटी की रिपोर्ट खारिज कर देता तो शायद जस्टिस वर्मा के लिए संसद में अपना बचाव करना आसान हो जाता और वह कोर्ट के आदेश का वहां हवाला दे सकते थे। लेकिन अब उनकी राह और कठिन हो गई है। आंतरिक जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को कदाचार का दोषी पाया था और कहा था कि वह पद पर बने रहने लायक नहीं हैं। जस्टिस खन्ना ने आंतरिक जांच कमेटी की रिपोर्ट आने पर जस्टिस वर्मा से इस्तीफा देने या स्वैच्छिक सेवानिवृति लेने को कहा था लेकिन जब उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया तो जस्टिसस खन्ना ने आंतरिक जांच कमेटी की रिपोर्ट अपनी संस्तुतिक के साथ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दी थी। जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाया था।

## रायपुर के 3 दोस्तों की धमतरी में हत्या

### 100 मीटर दौड़ाकर धारदार हथियार से मारा, हत्या के बाद विक्ट्री साइन, हंसते हुए सेल्फी

**धमतरी, 12 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में रायपुर के 3 दोस्तों के मर्डर का वीडियो सामने आया है। ढाबे के बाहर 3 दोस्तों को 6-7 बदमाशों ने धारदार हथियार से वारकर मार डाला। दो युवकों ने भागकर जान बचाई। अब इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दें कि कार सवार 5 युवक सोमवार (11 अगस्त) की रात धमतरी घूमने निकले थे। तभी ग्राम भोयना के पास स्थित अन्नपूर्णा ढाबे में कुछ पूछने के लिए रुके। इस दौरान ढाबे में पहले से 6-7 लोग खाना खा रहे थे। तभी किसी बात को लेकर उनमें आपस में झगड़ा हुआ, पहले बहस हुई फिर मारपीट तक बात आ गई। इस दौरान वहां पहुंचे तीन दोस्तों पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। मामला अर्जुनी थाना क्षेत्र का है। हमलावरों ने पहले एक दोस्त को 100 मीटर तक दौड़ाते हुए ले गए और उसके सीने पर चाकू से वार किया। सभी बदमाश नशे में थे और ढाबे में गाली गलौज कर रहे थे। जो भी आता उसे मार रहे थे। वारदात के बाद 6 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान वाहन में बैठे आरोपियों ने विक्ट्री साइन दिखाकर सेल्फी भी ली। मारे गए युवकों के नाम सूरज तांडी, रायपुर, नितिन तांडी, रायपुर, आलोक ठाकुर, रायपुर है।



पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी

### रायपुर से धमतरी घूमने गए थे 5 दोस्त

हमलावरों ने तीनों युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। एक युवक को तो हमलावर मृतकों की पहचान सूरज तांडी और नितिन तांडी (दोनों संतोषी नगर निवासी) और आलोक ठाकुर (सेजबहार निवासी) के रूप में हुई है। तीनों दोस्त रायपुर के अलग-अलग इलाकों में रहते थे और घूमने के लिए धमतरी आए थे। आलोक पेटी ठेकेदार का काम करता था, जबकि सूरज और नितिन ड्राइवरी करते थे। जिस ढाबे में वारदात हुई वो सिहावा रोड पर स्थित है।

### ढाबे में आने वालों से बहस कर रहे थे बदमाश

पुलिस जांच में सामने आया कि हमलावरों ने ढाबे में 300 रुपए का खाना खाया था, लेकिन बिल का भुगतान नहीं किया। बदमाश ढाबे में आने वालों से गाली-गलौच कर विवाद कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, रात में सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी जान चली गई थी। सभी 6 से ज्यादा हमलावरों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## दिल्ली-एनसीआर के बेजुबान कुत्ते समस्या नहीं : राहुल

### सुको के फैसले को बताया गलत

**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** दिल्ली-एनसीआर की गलियों से लावारिस कुत्तों को हटाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विवाद बढ़ता जा रहा है। अदालत के आदेश पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने असहमति जताई है। राहुल गांधी ने कहा है कि ये बेजुबान 'समस्या' नहीं जिन्हें मिटा दिया जाए। राहुल गांधी ने कहा का ऐसा करना क्रूरता होगी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह प्रतक्रिया सर्वोच्च अदालत के उस आदेश पर दी है जिसमें लावरिस कुत्तों की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए इन्हें शेल्टर में भेजने को कहा गया है।

राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि दिल्ली-एनसीआर से सभी कुत्तों को हटाने का सुप्रीम कोर्ट का निर्देश



दशकों पुरानी मानवीय और विज्ञान-आधारित नीति से एक कदम पीछे हटना है। ये बेजुबान 'समस्या' नहीं जिन्हें मिटा दिया जाए। शेल्टर, बधियाकरण, वैक्सीनेशन और सामुदायिक देखफल से गलियों को बिना क्रूरता किए सुरक्षित बनाया जा सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि सबको एकतरफसे हटा देना ना केवल क्रूर और अदूरदर्शी है, बल्कि यह हमारी करुणा भी छीन लेता है। हम पशुओं के कल्याण के साथ भी लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं।

### चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को चुनौती

## हाईकोर्ट ने ईडी से 26 तक मांगा जवाब अब दो हफ्ते बाद होगी अगली सुनवाई

**बिलासपुर, 12 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले और मनी लांड्रिंग में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल जेल में हैं। गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में लगाई गई याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। चैतन्य बघेल के वकील ने कोर्ट को बताया कि, उन्हें जेल में बुखार है। उनको पानी साफ नहीं मिल रहा है। इस पर हाईकोर्ट ने श्वष्ठ और जेल सुप्रिटेंडेंट को निर्देश दिया कि, इन आरोपों का वेरिफिकेशन करें और जेल मैनुअल के हिसाब से सुविधा मिलना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने चैतन्य के वकील को निचली अदालत में आवेदन करने के निर्देश दिए। गिरफ्तारी को दी गई है चुनौती इसके साथ ही ईडी से 26



अगस्त तक जवाब पेश करने का निर्देश भी हाईकोर्ट ने दिया है।इस मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच में हुई।

**दी हाईकोर्ट जाने की सलाह:** शीर्ष अदालत ने हालांकि कहा कि, अगर बघेल को लगता है कि छत्तीसगढ़ में कई मामलों की जांच कर रहे ईडी अधिकारी शीर्ष अदालत के 2022 के फैसले में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहे हैं तो वह उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं। नययमूर्ति बागची ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा कि, 1898 में दंड प्रक्रिया संहिता के मूल स्वरूप में जागे की जांच की परिकल्पना नहीं की गई थी, बल्कि अंतरिम पुलिस रिपोर्ट की बाध्यता से निपटने के लिए 1973 में इसकी परिकल्पना की गई।

### भूपेश की याचिका पर सुको का सुनवाई से इंकार

उधर, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि 'खराबी कानून में नहीं है', बल्कि धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के 'दुरुपयोग' में है। कोर्ट ने इसी के साथ धनशोधन मामलों में प्रवर्तन निदेशालय को पूरक आरोपपत्र दाखिल करने का अधिकार देने वाले पीएमएलए प्रावधान को चुनौती देने वाली छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया।

### फर्जी वोटर मामला

## भाजपा अध्यक्ष बोले- देश का संसाधन और समय बर्बाद कर रहे राहुल गांधी

**रायपुर, 12 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में फर्जी वोटर मुद्दे पर बवाल जारी है। कांग्रेस नेताओं के बयानों के बाद बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी पर देश का समय और संसाधन बर्बाद करने का आरोप लगाया है। किरण सिंहदेव ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में फर्जी वोटर का 'एटम बम' फोड़ने का दावा किया था, लेकिन चुनाव आयोग के आग्रह पर हलफनामा देने से इंकार कर अपने ही आरोपों को हवा-हवाई साबित कर दिया। वहीं, बीजेपी का ये भी कहना है कि यदि चुनाव में गड़बड़ी थी तो कांग्रेस ने 99 सीटें जीतने का जश्न क्यों मनाया गया। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी का यह तर्क हास्यास्पद है कि वे सांसद हैं इसलिए अलग से शपथ पत्र नहीं देंगे। अगर यही पैमाना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कही बात को भी मानना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, जो परिपक्व राजनीति नहीं है।



### कांग्रेस से पूछे सवाल

- » जिन राज्यों में कांग्रेस जीतती है, वहां फर्जी वोटर का आरोप क्यों नहीं?
- » छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान, हिमाचल में कांग्रेस सरकारें रहीं, क्या वे भी इसी प्रक्रिया से आईं?
- » 99 सीटें जीतने का जश्न क्यों मनाया गया अगर चुनाव में गड़बड़ी थी?
- » बिहार में गड़बड़ी पकड़े जाने पर विरोध और संसद ठप क्यों?

### मुनीर के दौरे के बीच यूएस का ऐलान, कहा- इसने पाकिस्तान में कई हमलों की जिम्मेदारी ली

## अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी को आतंकी संगठन घोषित किया

**वॉशिंगटन, 12 अगस्त।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (FTO) घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी।

मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, BLA ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी।

मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन।



इसमें बताया गया है कि क्क्र पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और एग्जीक्यूटिव ऑर्डर 13224 के तहत की गई है।

**अमेरिका के दौरे पर पाकिस्तानी आर्मी चीफ :** अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है। बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई और इसे पहले भी कई देशों द्वारा आतंकी संगठन घोषित किया गया है।

**एफटीओ लिस्ट में डालने के 2 बड़े मायने :** संगठन अमेरिका के लिए खतराः FTO लिस्ट अमेरिका का एक कानूनी टूल है, जिसे अमेरिकी विदेश विभाग तैयार करता है। इस लिस्ट में उन आतंकी संगठनों को डाला जाता है जो अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति या नागरिकों के लिए खतरा माने जाते हैं। मदद करने पर कानूनी कार्रवाईः लिस्ट में शामिल व्यक्ति या संस्था को अगर कोई पैसे, हथियार या अन्य मदद देता है, तो यह गैरकानूनी माना जाता है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है।

### अमेरिका ने टीआरएफ को एफटीओ लिस्ट में डाला था

इससे पहले अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) को विदेशी आतंकवादी संगठन (FTO) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (SDGT) की लिस्ट में डाल दिया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 18 जुलाई को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी थी।

### बॉम्बे हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

## सिर्फ आधार, पैन या वोटर आईडी से नहीं बन सकते भारतीय नागरिक

**मुंबई, 12 अगस्त।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी होना ही यह साबित नहीं करता कि वह भारतीय नागरिक है। अदालत ने यह टिप्पणी उस समय की जब उसने एक व्यक्ति को जमानत देने से इनकार कर दिया, जिस पर आरोप है कि वह बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत आया और फर्जी दस्तावेज बनाकर यहां रह रहा था। बता दें कि आरोपी बाबू अब्दुल रुफ सरदार पर आरोप है कि वह पिछले 10 साल से ज्यादा समय से भारत में रह रहा है और उसके पास नकली आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और यहां तक कि भारतीय पासपोर्ट भी है।



**पहचान के दस्तावेज नागरिकता के सबूत नहीं :** न्यायमूर्ति अमित बोर्कर की पीठ ने कहा कि नागरिकता कानून, 1955 स्पष्ट रूप से तय करता है कि कौन भारतीय नागरिक होगा और नागरिकता कैसे मिलेगी या खत्म होगी। आधार, पैन या वोटर आईडी जैसे दस्तावेज सिर्फ पहचान और सरकारी सेवाओं के लिए होते हैं, लेकिन वे नागरिकता का सबूत नहीं होते। अदालत ने कहा कि कानून कानूनी नागरिकों और अवैध रूप से रहने वालों के बीच साफ अंतर करता है। अवैध प्रवासियों को नागरिकता के ज्यादातर कानूनी रास्तों से रोका गया है, ताकि देश की संप्रभुता सुरक्षित रहे और नागरिकों के अधिकार गलत तरीके से किसी और को न मिलें।

### चार नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट, लखनऊ मेट्रो का विस्तार, 18541 करोड़ की योजनाओं को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को तीन बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 18,541 करोड़ रुपये की योजनाओं की मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने देश में चार नए सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 4,594 रुपये खर्च किए जाएंगे। ये परियोजनाएं ओडिसा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में शुरू होंगे। कैबिनैट ने दूसरा बड़ा फैसला लखनऊ मेट्रो के बारे में लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 5,801 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले लखनऊ मेट्रो के फेज वन बी परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकार ने 8,146 करोड़ की लागत वाली क्लीन ग्रोथः टाटो-द्धद्ध हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना को मंजूरी दे दी है।

## एक नजर

### नौकरी के नाम पर 15 लाख की ठगी



**भिलाई, 12 अगस्त।** भिलाई राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा एक युवक से आरोपी ने देकर 15 लाख रुपए ठग लिया इतना ही नहीं बल्कि स्पीड पोस्ट से फर्जी हस्ताक्षर और सील लगी नियुक्ति पत्र तक प्रार्थी के घर भेज दिया था मोहन नगर थाने पुलिस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है मोहन नगर केशव राम कौशले ने बताया कि रुपेश कुमार (30 साल) निवासी अम्बेडकर नगर वार्ड 58 उरला थाना मोहन नगर दुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज करायी रिपोर्ट पर पुलिस जांच में पाया गया कि हितेश सिन्हा (30 साल) हाल निवास बोरसी रोड न्यू आदर्श नगर दुर्ग एवं मूल निवास ग्राम बचेड़ी देवकर जिला बेमेतरा तथा नीलिमा बसंती वर्तमान पता महादेव घाट रोड शिवम विहार मंजीत ग्रीन सीटी फेस-2 मकान नं 6 रायपुर व स्थायी पता एलआईजी 60 डॉ आरपी नगर फेस 2 कोरबा ने रुपेश का सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर छलपूर्वक 15 लाख रूपये प्राप्त कर एवं फर्जी नौकरी का दस्तावेज बनाकर आवेदक को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजकर छल किया। इस मामले में पुलिस ने हितेश सिन्हा और नीलिमा के खिलाफ धारा 420,467,468,471,34 के तहत अपराध दर्ज किया गया घटना को गंभीरता लेते हुए मोहन नगर थाना पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर विशेष टीम गाठित की इस मामले में आरोपी हितेश सिन्हा (30 साल) निवासी बोरसी रोड न्यू आर्दश नगर दुर्ग को गिरफ्तार कर लिया गया।

### चिल्हाटी में ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर स्वच्छता की शपथ ली

**मोहला 11 अगस्त ।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत आज ग्राम पंचायत चिल्हाटी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई एवं सामुदायिक शौचालय परिसंपत्तियों पर आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और देशभक्ति की भावना के साथ स्वच्छता को जोड़ना था। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर स्वच्छता की शपथ ली गई एवं जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम विशेष रूप घरेलू कचरे के उचित निष्पादन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों की नियमित देखरेख पर केंद्रित था। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति त्रिपुरे, सरपंच संघ उपाध्यक्ष श्री चन्द्रविजय दुधनांगे, सरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटी श्रीमती डिंपल मंडावी, समन्वयक एवं तकनीकी सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं के सुगम व सुरक्षित आवागमन के लिए

# विधायक भावना बोहरा ने निशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,12 अगस्त।** पंडरिया विधानसभा अंतर्गत महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा हेतु विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित 8 निःशुल्क बस सेवा का संचालन 11 अगस्त से प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व 10 अगस्त को भावना बोहरा ने सभी बसों की पूजा कर छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। भावना बोहरा द्वारा इस निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से विधानसभा की 1000 हजार छात्राओं को लाभ पहुंचाने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की राह सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

बस प्रारम्भ होने के साथ ही कवर्धा,पिपरिया, सहसपुर लोहारा,पंडरिया एवं पांडातराई महाविद्यालय में पढ़ने वाली उन ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को लाभ मिल रहा है जो आवागमन के अभाव में अपने आगे की शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ थी। इसके साथ ही उनके परिजनों को आर्थिक व मानसिक रूप से भी सम्बल मिल रहा है जो अपनी बेटियों की शिक्षा और उनके सुरक्षित आवागमन की सुविधा को लेकर संशय में रहते थे। विदित हो कि पूर्व में भावना बोहरा द्वारा 3 निःशुल्क बसों का संचालन किया जा रहा था। भावना दीदी की गारंटी में उन्होंने संकल्प किया था कि इन बसों का विस्तार पूरे पंडरिया विधानसभा में किया जाएगा। अपने संकल्प को पूरा करते हुए 6 जुलाई को अतिरिक्त 5 निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया गया इस प्रकार कुल 8 निःशुल्क बस सेवा का संचालन पंडरिया विधानसभा की छात्राओं को घर से महाविद्यालय एवं महाविद्यालय से घर आने-जाने हेतु सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा मिल रही है।जैसे-जैसे बसें अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही थी छात्राओं, उनके परिजनों और ग्रामवासियों में उत्साह देखने को मिला। सभी ने बसों के आगमन पर उनका स्वागत कर पूजा-अर्चना की और पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए इस सार्थक प्रयास हेतु उनका आभार व्यक्त किया। परिजनों के चेहरे पर सुकून भारी मुस्कान थी तो वहीं छात्राओं में अपने सुरक्षित व उज्ज्वल भविष्य की चमक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत ही भावनात्मक एवं सुखद क्षण है। भावना दीदी की गारंटी में हमने क्षेत्र की बेटियों के सशक्तिकरण और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जो संकल्प किया था आज वह पूरी हुई। उन सभी बेटियों के मुस्कुराते चेहरे और परिजनों की आंखों में अपनी बेटियों की शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की नई उम्मीद एवं सपनों की चमक, अत्यंत ही संतोषजनक है।

# हर घर तिरंगा के तहत चलाया गया प्लास्टिक मुक्त अभियान




**भिलाई, 12 अगस्त।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति भावना और हर घर एक तिरंगा लगाने के साथ शहर को साफ-सुथरा बनाये रखने नागरिकों में जन जागरूकता लाने अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में इसकी शुरुआत सुपेला घड़ी चौक से होते हुए लक्ष्मी मार्केट तक रैली निकाला गया। इसमें सड़क किनारे फूटपाथ पर व्यवसाय करने वालों को शहर की साफ-सफाई में विशेष योगदान देने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु जागरूक किया गया। फल एवं ठेला संचालकों द्वारा प्लास्टिक उपयोग करने पर जप्ती की कार्यवाही कर समझाइस दिया गया है। जागरूकता रैली में जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, कमलेश द्विवेदी, अतुल यादव, पीआईयू, अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी, एल.एल.आर.एम. सेंटर की महिला एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# बीएसएफ ने किया तिरंगा यात्रा और पब्लिक मार्च का आयोजन



**भिलाई, 12 अगस्त।** सामरिक मुख्यालय महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल (स्पेशल-ऑपरेशन) द्वारा सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा और पब्लिक मार्च का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों सहित स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तिरंगा यात्रा सामरिक मुख्यालय से प्रारंभ होकर रिसाली क्षेत्र से होते हुए पुनः सामरिक मुख्यालय परिसर में संपन्न हुई। सीमा सुरक्षा बल हर घर तिरंगा अभियान-2025 नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात सभी वाहिनियों एवं नागरिकों के साथ हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। बल अपने अधिकार क्षेत्र के नागरिकों को तिरंगे (राष्ट्रीय ध्वज) का वितरण कर उन्हें घर-घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित कर रहा है। इस अवसर पर भिलाई स्थित सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों एवं स्थानीय नागरिकों ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### 15 अगस्त एवं जन्माष्टमी पर मांस की दुकानें रहेंगी बंद

**भिलाई, 12 अगस्त।** नगर निगम भिलाई सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें अगस्त माह के 2 तिथियों में बंद रहेंगी। शासन से जारी आदेश के तहत स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त शुक्रवार एवं कृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त शनिवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराने शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है।

चेकिंग




### स्वतंत्रता दिवस को लेकर आरपीएफ ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

भिलाई, 12 अगस्त । रेलवे सुरक्षा बल महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा जारी निर्देश के आलोक में सोमवार को सहायक सुरक्षा आयुक्त रायपुर के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल दुर्ग पोस्ट प्रभारी एसके सिन्हा, अधिकारी एवं स्टाफ, आरपीएफ डॉग स्क्वाड, जीआरपी दुर्ग व लोकल थाना मोहननगर द्वारा दुर्ग स्टेशन के मेन गेट, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, पार्सल, पार्सल स्कैनर मशीन, वेटिंग हॉल, बैगेज स्कैनर, सीसीटीवी रूम, खाली रैक, आने जाने वाली ट्रेन इत्यादि को चेक किया गया । चेकिंग के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं पाई गई । यात्रियों को दुर्ग स्टेशन परिसर से सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है । सीसीटीवी द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही हैं।

# पीएम सूर्य घर योजना के तहत निगम क्षेत्र में लगाया जा रहा शिविर



**भिलाई, 12 अगस्त।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का नागरिकों को लाभ दिलाने शहर के विभिन्न स्थानों में 14 अगस्त तक शिविर का आयोजन किया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार नेहरू नगर सियान सदन में शिविर का लगाया गया, जिसमें भिलाई के नागरिकों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से क्या-क्या लाभ है, उसकी जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही सूर्य घर योजना हेतु इच्छुक उपभोक्ताओं का पंजीयन कराया जा रहा है। सभी उपभोक्ताओं को अपने घर की छतों एवं रिक्त स्थानों पर आनग्रिड सोलर पैनल सिस्टम लगाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। आनग्रिड सोलर पैनल सिस्टम लगाने से प्रतिमाह 300 यूनिट बिजली तक की योजना का लाभ लेने पर 78000 हजार तक सब्सिडी आवश्यकतानुसार सस्ते ब्याज दर पर बैंकों द्वारा लोन भी प्रदान किया जा रहा है। 2 किलो वाट तक अनुदान राज्य से 30 हजार व केन्द्र से 60 हजार तक, 3 किलोवाट तक राज्य से 30 हजार व केन्द्र से 78 हजार रुपये तक का सब्सिडी शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। आनग्रिड सोलर सिस्टम लगाने पर यदि अतिरिक्त बिजली बचता है तो सी.एस.ई.बी. बचत बिजली को अपने यहां स्टोर करेगी, जब भी व्यक्ति को आवश्यकता होगी उसे बिजली प्रदान किया जायेगा। सब्सिडी के साथ जो सिस्टम लगवायेगा उसे 6.0 से 6.5 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंकों द्वारा लोन प्रदान किया जायेगा। निगम भिलाई के निवासियों, जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद, हाउसिंग सोसायटी, कालोनियों आदि में जाकर इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। जिससे शासन के इस प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का सब लाभ ले सकें। शिविर के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता आर.एस.राजपूत, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला उपस्थित रहे।

# प्रेमप्रकाश पाण्डेय के प्रयासों से 1.40 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की मिली स्वीकृति



**भिलाई, 12 अगस्त ।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय के एक पत्र से भिलाई विधानसभा क्षेत्र के दो वार्डों में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। नगरीय निकाय विभाग द्वारा विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के लिए ?1.40 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। पाण्डेय ने बताया कि स्वीकृत राशि के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य किए जाएंगे- वार्ड 51 (पं. दीनदयाल पुरम आवासीय योजना) मार्ग चौड़ीकरण व डामरीकरण हेतु 99.26 लाख, वार्ड 40 (मंगल बाजार, सतनामी पारा, बप्पा ऑटो चक्की, राधाकृष्ण मंदिर, वर्मा टेंट हाउस) डामरीकृत मार्गों के नवीनीकरण हेतु 41.76 लाख, पाण्डेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति सुशासन की सरकार की विकास प्राथमिकता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन कार्यों से भिलाई विधानसभा क्षेत्र में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

# बारिश में करंट से बचने के लिए करें आवश्यक उपाय और उपभोक्ताओं को करें जागरूक

**भिलाई, 12 अगस्त।** मानसून की शुरुआत के साथ ही बिजली के करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि वे बारिश के मौसम में बिजली के करंट से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तुरंत आवश्यक कदम उठाएं और साथ ही उपभोक्ताओं को भी इन खतरों के प्रति जागरुक करें। उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र जैसे उद्योग, खेती, ट्रांसपोर्ट, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, घरो आदि में बिजली का उपयोग बढ़ने के कारण बिजली वितरण प्रणाली का भी विस्तार हो रहा है। बिजली की उपयोग में लापरवाही या अज्ञानता गंभीर



दुर्घटनाओं का का कारण बन सकती है। बारिश के मौसम में बिजली करंट से होने वाली दुर्घटनाओं में वृद्धि हो जाती है। खण्डेलवाल ने बताया की अभी हाल ही में चरोदा ग्राम के ग्राम गनियारी स्थित खेत में एक 12 वर्षीय बालक की करंट लगने से मौत हुई है। जांच करने पर ज्ञात हुआ कि खेत की बाड़ में पास से गुजर रही विद्युत लाईन से अवैध तरीके से जानवरों से फसल बचाने के लिये करंट प्रवाहित किया गया था, जिसकी चपेट में आकर बालक की मृत्यु हो गई। इसी प्रकार खुर्सीपार क्षेत्र के संतोशी पारा में एक उपभोक्ता द्वारा अपने घर की छत पर किसी एजेंसी के माध्यम से सोलर रूफटॉप पैनल लगवाने का कार्य करवाया जा रहा था, कार्य करते समय मकान के बाजू से गुजर रही विद्युत लाईन के नजदीक लोहे का एंगल आ जाने से युवक की मृत्यु हो गई और दो युवक मामुली घायल हो गये। इसी प्रकार दिनांक 03 अगस्त को साजा क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपना कृषि पंप चलाने के लिये अवैध बिजली, वो भी ढीले एवं कटे-फटे तारों के माध्यम से ले जाई गई थी, जिसकी चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। मुख्य अभियंता ने बताया की प्रारंभिक जांच में उक्त सभी दुर्घटनाओं में लापरवाही एवं नियमों का उल्लंघन एक महत्वपूर्ण कारण रहा।

# किसानों ने धान बिक्री व खाद वितरण केंद्र सेलूद में स्थानांतरित करने की मांग की

**दुर्ग, 12 अगस्त ।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव एवं डिप्टी कलेक्टर श्री हितेश पिस्दा ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 104 आवेदन प्राप्त हुए।ग्राम पंचायत मुड़पार के किसानों ने धान बिक्री एवं खाद उठाव के लिए सेवा सहकारी समिति को पुनः सेलूद में स्थानांतरित करने की मांग की। किसानों ने बताया कि पूर्व में धान बिक्री एवं खाद उठाव सेवा सहकारी समिति सेलूद में किया जा रहा था।

# कर्ज के नाम पर धमकी देने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 12 अगस्त।** भिलाई कर्ज के नाम पर अवैध वसूली और प्रार्थी एवं उसके बच्चे को उठा लेने की धमकी देने वाले सूदखोर को पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी ने रुपए उधार लेने के पहले प्रार्थी के दिए गए चेक में 25 लाख रुपए की रकम भरकर वकील के माध्यम से नोटिस भी भेजा था पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि नागेश्वर प्रसाद चंद्रा (42 साल) निवासी शीतलानगर हनोदा, रोड़ गैलेक्सी हाइट बोरसी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी रायपुर निवासी शब्बीर जैदी प्रार्थी का कॉलेज बैचमेंट था। प्रार्थी ने वर्ष 2024 में पारिवारिक कारणों से पैसों की आश्यकता होने पर आरोपी शब्बीर जैदी से ऑनलाइन कुल 1,44,400 रु. ब्याज पर लिया था तथा आरोपी शब्बीर जैदी को कुल 1,64,800 रुपए ब्याज सहित वापस कर दिया था। शब्बीर जैदी ने प्रार्थी से उधारी रकम 1, 44, 400 रुपए देने के एवज में एक ब्लैंक चेक लिया था.जिस पर 25 लाख रुपए की रकम भरकर शब्बीर जैदी ने प्रार्थी से 25 लाख की अवैध वसूली के लिए प्रार्थी के नाम पर अपने अधिवक्ता के माध्यम से लीगल नोटिस भिजवाया है शब्बीर जैदी प्रार्थी की बोरसी दुर्ग में स्थित मकान के रजिस्ट्री पेपर की फोटो कापी, पैतृकि निवास में स्थित कृषि भूमि का बी-01 की कॉपी रखा था। शब्बीर जैदी ने 27 जुलाई को प्रार्थी के घर शीतला नगर बोरसी दुर्ग आकर रकम नहीं देने पर प्रार्थी तथा उसके बच्चों को उठा लेने की धमकी तथा प्रार्थी को आरोपी शब्बीर जैदी अपने घर गुढ़ियारी रायपुर बुलाकर 25 लाख रुपए देने के लिये दबाव बनाते हुए वीड़ियो बनाया था। इससे प्रार्थी काफी परेशान था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी शब्बीर जैदी के विरूद्ध थाना पद्मनाभपुर में धारा-308 (2),(5), 351 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पद्मनाभपुर थाना स्टाफ टीम ने आरोपी शब्बीर जैदी की तलाश कर प्रकरण में कार्रवाई कर छ.ग. ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा-4, समावेश किया गया। आरोपी शब्बीर जैदी को को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर केन्द्रीय जेल दुर्ग भेजा गया है।

# स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को, रविशंकर स्टेडियम से होगी शुरुआत

**दुर्ग, 12 अगस्त ।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ 14 अगस्त 2025 गुरुवार को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। दौड़ की शुरुआत रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के मुख्य गेट से होगी, जो आदर्श कन्या शाला, गांधी चौक, पटेल चौक, पुराना दुर्ग थाना, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स चौक, पचरीपारा नया बस स्टैंड रोड, बस स्टैंड और चर्च रोड होते हुए पुनः रविशंकर स्टेडियम पहुँचकर समाप्त होगी। सहायक संचालक जिला खेल एवं युवा कल्याण से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वतंत्रता दौड़ में विद्यालय, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड, सैनिक, शिक्षकगण, खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक, शासकीय व अशासकीय विभागों के आमंत्रित किया गया है।

# पुलिस ने 2 जगह 321 लोगों के आधार की जांच की



**भिलाई, 12 अगस्त।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र घासीदास नगर एवं कुरूद स्थित अटल आवासों में सोमवार सुबह पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर 321 व्यक्तियों का आधार कार्ड, परिचय पत्र एवं अन्य पहचान पत्र की जांच की और 31 संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर फिंगरप्रिंट लिया पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि आज सुबह 5 बजे डीएसपी हेमप्रकाश नायक , डीएसपी ममता अली उप

पुलिस अधीक्षक व नगर छावनी सीएसपी हरीश पाटिल के नेतृत्व में थाना टीआई जामुल राजेश मिश्रा, पुरानी भिलाई टीआई अम्बर सिंह भारद्वाज तथा सुपेला टीआई विजय यादव और थाना जामुल एवं रक्षित केन्द्र के बल की संयुक्त टीम गठित कर थाना जामुल क्षेत्रांतर्गत स्थित घासीदास नगर एवं नालंदा स्कूल के पीछे कुरूद में अटल आवास में निवासरत व्यक्तियों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान अटल आवासों में निवासरत 321 व्यक्तियों का आधार कार्ड, परिचय पत्र व अन्य पहचान पत्र देख कर जांच की। चेकिंग में कुछ 31 संदिग्ध किस्म के व्यक्तियों की पहचान कर फिंगर प्रिंट लिया गया। संकलित फिंगर प्रिंट का नाफिस कार्यालय से सत्यापन कराया जा रहा है अटल आवासों में निम्न वर्ग के लोगों द्वारा निवास करना पाया गया जो रोजी मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे हैं कुछ लोग अन्य जिलों तथा राज्यों से कमाने खाने आये हैं, जिनका मूल निवास से सत्यापन कराया जा रहा है

# विद्यार्थियों और टीचर्स को नपाध्यक्ष ने स्वच्छ भारत-विकसित भारत का संदेश दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,12 अगस्त।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में कवर्धा शहर में ''कूड़े से आज़ादी'' स्वच्छता श्रमदान अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान 09 अगस्त से 14 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित कवर्धा की दिशा में ठोस कदम उठाना है। इस अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा शहर के सभी शासकीय कार्यालय प्रमुखों, विद्यालय प्राचार्यों तथा प्रधान पाठकों को पत्र लिखकर स्वच्छता श्रमदान में भाग लेने का अनुरोध किया गया है इसके अनुक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकगण एवं जनभागीदारी शाला विकास समिति के सदस्य भी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। विद्यालय परिसरों, कक्षाओं, खेल मैदानों तथा शौचालयों की साफ-सफाई कर विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने नारे लगाए ''स्वच्छ भारत, विकसित भारत, स्वच्छ कवर्धा का नारा लगाया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि यह अभियान केवल एक सप्ताह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक दीर्घकालिक संकल्प है जिसमें सभी नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा, ''स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। शहर भर में इस अभियान को लेकर उत्साह का वातावरण है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि ''कूड़े से आज़ादी'' स्वच्छता श्रमदान अंतर्गत विकसित भारत की परिकल्पना व स्वच्छ, सुंदर तथा विकसित कवर्धा बनाने हेतु कवर्धा शहर के समस्त शासकीय कार्यालय प्रमुख एवं स्कूलों के प्राचार्य, प्रधान पाठकों को पत्र लिखा गया है जिसके परिपालन में अपने शाला परिसर का साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, अध्यक्ष शाला विकास समिति अजय गुप्ता, जसवंत छाबड़ा, राजा पीयूष टटिया, रामकुमार ठाकुर, गोपाल साहू, जनभागीदारी अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव, मनीषा साहू, अधिवक्ता शेखर बख्शी, पार्षद गण दुर्गेश अवस्थी, अजय ठाकुर, बिहारी धुर्वे, डोनेश ठाकुर ल, दीपक सिन्हा, संजीव कुर्रे, सोखीराम आहिरवार, योगेश चंद्रवंशी, हरीश साहू, अनिल साहू तथा महाविद्यालय, स्कूल के समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की

**भिलाई, 12 अगस्त।** भिलाई उतई थाना अंतर्गत एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है उतई थाने पुलिस ने बताया कि मोरिद निवासी दुर्गा प्रसाद (45 साल) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव का पंचनामा कर मरच्युरी भेज दिया आत्महत्या का कारण अज्ञात है ।

एक नजर

## शिवनाथ नदी में डूबे बालक की तलाश में जुटी टीम



**भाटापारा, 12 अगस्त।** शिवनाथ नदी किनारे बसे ग्राम कुम्हरखान के 7 वर्षीय बालक किशन पिता रामप्रसाद आज सुबह करीबन 10 नदी में नहाने के दौरान डूब गया है जिसका नदी में पतासाजी किया जा रहा है ग्रामीण थाना टी.आई. लखेश केंवट ने जानकारी देते ह्द्द्ध बताया घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौजूद हो कर बालक का पतासाजी किया जा रहा है खोजी दस्ता मोटरबोट के सहारे लापता बालक की तलाश की जा रही है घटना की जानकारी के बाद बडी संख्या मे ग्रामवासी नदी के किनारे पहुंच गये ज्ञात हो कि बारिश का मौसम होने के कारण नदी मे पानी लबालब भरा हुआ है और नदी का बहाव भी तेज है पुलिस व खोजी दस्ता लगातार उक्त बालक की पतासाजी मे जुटे हुए है ।

## शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित



**रायपुर, 12 अगस्त।** गोदरेज एवं बॉयज़ मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से 7 और 8 अगस्त को गोदरेज वेयरहाउस और गोदरेज शाखा कार्यालय, रायपुर में दो दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सहायक श्रम आयुक्त श्री देवेंद्र कुमार देवांगन एवं श्रम निरीक्षक श्री सियाराम पटेल द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर श्री देवांगन ने मानवता के प्रति गोदरेज के योगदान की सराहना करते हुए स्वयं भी रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर गोदरेज के कर्मचारियों, आगंतुकों, विक्रेताओं एवं डीलरों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। गोदरेज प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल समाज के जरूरतमंदों की मदद करने और जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। गोदरेज की ओर से संदेश में कहा गया है कि ÷हम सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों और रेड क्रॉस सोसाइटी का हृदय से धन्यवाद करते हैं, जिनके सहयोग से यह रक्तदान शिविर सफल हुआ। यह मानवता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का एक छोटा सा प्रयास है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने तिरंगा बाइक रैली को किया रवाना




**राजनांदगांव 12 अगस्त।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर उल्लास और खुशी के साथ आजादी के उत्सव को मनाने के लिए आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में तिरंगा बाईक रैली को रवाना किया। देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाने के लिए भारत माता की जयकारे के साथ बाइक रैली निकली गई। वंदेमातरम, माँ तुझे सलाम गीतों के साथ देश की स्वतंत्रता के जज्बे को लिए बाइक रैली ने स्वतंत्रता के प्रति संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्री योगेशदत्त मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री संतोष अग्रवाल, श्री सौरभ कोठारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, सरपंच श्री खिलेश्वर साहू, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अशांति फैलाने वाले 4 के खिलाफ कार्रवाई

**राजनांदगांव, 12 अगस्त।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देषन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रो में असमाजिक तत्वों पर आवष्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देष प्राप्त हुआ है। आज दिनांक 11/08/2025 को सुचना प्राप्त हुआ कि ग्राम रेवाडीह में अनावेदकगणो द्वारा आवेदक युगल सोनवानी को तुम हम लोगो के खिलाफ थाना में रिर्पोट कराये हो कहकर प्रार्थी को दबाब बनाकर गाली गलौच झगड़ा कर रहा था जिसे मौके पर पुलिस एवं आसपास के लोगो द्वारा समझाने का प्रयास किया गया किन्तु अनावेदकगणो द्वारा राजी न होकर और अधिक उत्तेजित होकर वाद विवाद मारपीट पर आमदा हो गया था। जिसे धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत गिर.करने के अलावा कोई विकल्प नही होने से अनावेदक को गिर. किया गया।

# अनियमितता पर 6 कृषि केन्द्रों को नोटिस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### कीटनाशक एवं फंफूदीनाशक जब्त



**बलौदाबाजार,12 अगस्त।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में कृषि केन्द्रों का सघन जांच अभियान जारी है, जिसमें कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान अनियमितता पाये जाने पर 6 कृषि केन्द्रों को नोटिस जारी किया तथा 1 कृषि केन्द्र का कीटनाशक एवं फंफूदीनाशक जप्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, तहसीलदार राजू पटेल, नायब तहसीलदार हमेश साहू, सहायक भू संरक्षण अधिकारी नारद कुमार भारद्वाज, उर्वरक निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा बलौदाबाजार के प्रवीण इंटरप्राइजेज एवं नवीन ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। नवीन ट्रेडर्स में उपलब्ध कीटनाशकों का स्त्रोत प्रमाण पत्र संधारित नहीं किया गया था, विक्रय केंद्र में उपलब्ध स्कंध एवं दर सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था साथ ही स्कंध पंजी एवं बिल बुक का भी उचित संधारण नहीं किया गया था, जिस कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रवीण एंटरप्राइजेज बलौदाबाजार का भी निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में उपलब्ध कीटनाशकों का स्त्रोत प्रमाण पत्र संधारित नहीं किया गया था जिस कारण संबंधित कीटनाशक एवं फंफूदीनाशक जब्त किया गया।

पलारी एसडीएम दीपक निकुंज एवं उर्वरक निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा द्वारा पलारी के किसान सेवा केंद्र एवं कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में निर्धारित प्रारूप में स्कंध पंजी का निर्धारण नहीं करने तथा विभाग को नियमित रूप से मासिक जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। भाटापारा एसडीम अभिषेक गुप्ता, उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक एवं उर्वरक निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा विकासखंड भाटापारा में संचालित कृषि सोपान तथा न्यू साहू कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केन्द्रों में भौतिक स्कंध एवं पास में प्रदर्शित स्कंध भिन्नता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

इसी तरह सिमगा एसडीम अंशुल वर्मा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जयइन्द्र कंवर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भागीरथी प्रजापति एवं संतोष दास मानिकपुरी द्वारा सिमगा में संचालित किसान कृषि केंद्र एवं दामाखेड़ा के अग्रवाल कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में भौतिक स्कंध एवं पास मशीन में उपलब्ध स्कंध में भिन्नता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## उर्वरक की कालाबाजारी पर करें कार्रवाई : कलेक्टर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को जिले के सहकारी समितियों में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण तथा कृषि सेवा केंद्रों द्वारा निर्धारित दर पर विक्रय को लेकर समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि किसानों को उर्वरक लेने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। निजी दुकानों द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक का विक्रय किया जाए। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि कृषि विभाग सहित एसडीएम एवं तहसीलदार भी सेवा केंद्रों में छापेमारी कर उर्वरक की कालाबाजारी पर कड़ी कार्यवाही करें। लगातार जांच अभियान चलाएं और अनियमितता पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि किसानों को मांग के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराएं। उर्वरक लेने में कोई समस्या न आने दें। निजी विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी रखें। सभी विक्रेताओं को उर्वरक विक्रय का बिल किसानों को देना होगा। प्रतिदिन उर्वरक भण्डारण और वितरण स्टॉक रजिस्टर में दर्ज करना होगा तथा पॉस से पावती की क्लियरेंस भी करना होगा। बताया गया कि जिले में लगभग 2000 मेट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता है वहीं 200 मेट्रिक टन यूरिया सोमवार को मिलने वाला है। 529 टन डीएपी डबल लॉक में उपब्ध है। निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक विक्रय हो- कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक का विक्रय सहकारी समितियों और कृषि सेवा केंद्रों में होनी चाहिए।

# सचिव ने किया जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण



**बालोद, 12 अगस्त।** परिवहन विभाग के सचिव एस प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर, उप परिवहन आयुक्त मनोज सिंह ध्रुव, क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी मृत्युंजय पटेल ने आज जिला परिवहन कार्यालय बालोद का औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा जिला परिवहन कार्यालय बालोद में उपस्थिति पंजी, सभी शाखाओं से संबंधित कार्यों एवं रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन समय में उपस्थित होने एवं जाने के संबंध में निर्देशित करते हुए शाखा से संबंधित सभी कार्यों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के तहत् अनिवार्य रूप से समय-सीमा में निराकरण करने हेतु संबंधित शाखा प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने जिले के 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने हेतु जिला स्तर पर वाहनों की संख्या के आधार पर अनुबंधित कंपनियों के फिटमेंट सेंटरों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कस्बों, गांव में शिविर आयोजित कर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय के विभागीय कार्यों को ऑनलाईन कर सारथी एवं वाहन के माध्यम से किये जाने हेतु निर्देशित किया। जिला परिवहन कार्यालय बालोद के निरीक्षण पश्चात उन्होंने बालोद जिले में निजी संस्थान द्वारा व्यवसायिक वाहनों के ड्रायविंग संस्थान की स्थापना ग्राम मटिया में ड्राईविंग ट्रेनिंग सेंटर के स्थल का निरीक्षण किया।

# बघमरा में महिलाएं बना रहीं तिरंगा झंडा,कार्य का जायजा लिया कलेक्टर ने और तारीफ की



**बालोद,12 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में स्थानीय महिला स्वसहायता समूह भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में, बालोद जिले की कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम बघमरा का दौरा कर स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए जा रहे तिरंगे झण्डे के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने वहाँ स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे तिरंगा झंडों के कार्य का अवलोकन कर ध्वज की गुणवत्ता के साथ-साथ स्व सहायता समूह की महिलाओं के इस सराहनीय कार्य की भूरी-भूरी सराहना की। उल्लेखनीय है कि ग्राम बघमरा में जय कपीलेश्वर महिला स्व सहायता समूह, सरस्वती स्व सहायता समूह, जय अंबे स्व सहायता समूह एवं नव ज्योति स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने स्व सहायता समूह की महिलाओं से अब तक तैयार किए गए कुल झंडो की संख्या, बिक्री एवं इससे होने वाली आमदनी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने उनके इस कार्य की कुल लागत आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

इस दौरान कलेक्टर एवं अधिकारियों ने स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए गए ध्वज के गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। तिरंगे के निर्माण में लगे स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि ग्राम बघमरा में 04 स्व सहायता समूहों की 20 महिलाओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा झंडा बनाने में दिन-रात जुटी हुई हैं। इनके द्वारा अब तक 6,000 से अधिक तिरंगे तैयार किए जा चुके हैं।

## छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 31 तक

**बलौदाबाजार,12 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चो की शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत छात्रावृत्ति हेतु 31 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। योजना अंतर्गत मेघावी छात्र-छात्राओ कों पुरस्कार योजना प्रतिभाशाली बच्चो के लिए शिक्षा प्रोत्साहन योजना, व्यवसायिक कोर्स हेतु छात्रवृत्ति(इंजीनियरिंग, मेडिकल, विधि, एमबीबीएस या नर्सिंग कोर्स) एवं ग़ैर व्यावसायिक स्नातक(बीए, बीएससी, बीकॉम) कोर्स हेतु अनुदान योजना शामिल है।

मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति अंतर्गत सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र को 10 वी में 2500 रु एवं 12वी में 3000 रु दिए जाएंगे।

# बैठक में जन्माष्टमी पर होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अम्बागढ़ चौकी, 12 अगस्त।** नगर के श्री प्राचीन हनुमान मंदिर बजरंग चौक में राम नाम सप्ताह समिति की दुसरी बैठक नगर के प्रमुख जन की उपस्थिति मे शंकर निषाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई जो की लगभग 90 वर्ष से चले आ रहे राम संकीर्तन सप्ताह वह श्री कृष्ण जन्माष्टमी को एक दिन वह दूसरे दिन गोविंदा उत्सव दही लुट मनाने का निर्णय राम सप्ताह समिति द्वारा लिया गया था,जिस पर प्रमुख प्रभार की जिम्मेदारी दी गई । व राम धुनि ,झांकी, राम संकीर्तन, आदिवासी छत्तीसगढ़ी मांदरि नृत्य व राम कृष्ण कथा के संदर्भ में विचार व निर्णय लिया गया । व सभी मोहल्ले वासियों की टोली बनाकर राम संकीर्तन के लिए समय तय किया गया। सभी कार्यक्रम श्री कृष्ण जन्माष्टमी संबंधित उत्सव , जिसके लिए जवाबदारी दिया गया। ज्ञात हो कि बरसों से परंपरा से चले आ रहे राम संकीर्तन सप्ताह मे नगर वासियों के द्वारा सतत् राम संकीर्तन एक दिन हि जारी रखने का निर्णय पुर्व कि बैठक में लिया गया था , व एक दिन 16 अगस्त शनिवार जन्माष्टमी के दिन बजरंग चौक सिर्फ प्राचीन महावीर मंदिर में राम संकीर्तन का निर्णय एवं अर्धरात्रि 12:00 बजे राजवाड़ा राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया था, जहां श्री आंजनेय मानस परिवार के प्रसिद्ध व्याख्याकार तुकेश पटेल , व कथा मर्मज्ञ गोपाल वर्मा द्वारा राम कथा कही जाएगी , जहां भजन की प्रस्तुत किशोर देवांगन करेंगे । जिस कार्यक्रम कि जवाबदारि सौंपि गई ,एवं दूसरे दिन रविवार 17 अगस्त को नगर के सभी मार्गो को होते हुए गोविंदा उत्सव, दही लूट कर खाद्य पदार्थ व खाद्य पदार्थ व धन लुटाया जाएगा , जिसमें नगर के विभिन्न युवा टोलियों के द्वारा रोड पर दही हांडी का लुट किया जाएगा। जहां नगर के सभी नगर वासियों के द्वारा मिठाई दही माखन व खाद्य पदार्थ और धन लुटाया जाता है । जहां दूर-दूर से आसपास गांव के लोग आनंद लेने उत्साह के साथ आते हैं ।

# जीवों के प्रति दया का भाव होना चाहिए : मुनि वीरभद्र

**राजनांदगांव 12 अगस्त।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि हमारे जीवन में संसार के समस्त जीवों के प्रति दया का भाव होना चाहिए। पशु पक्षियों का भी हमारे जीवन में काफी महत्व है इसलिए इनकी रक्षा का दायित्व भी हमारे उपर है। हमें यह ख्याल रखना चाहिए कि हमारी गतिविधियों से उन्हें किसी भी तरह की परेशानी ना हो।

जैन संत श्री वीरभद्र (विराग) जी ने जैन बगीचे के नए हाल में आयोजित धर्म सभा में उक्त उद्गार प्रकट करते हुए कहा कि अन्य जीव जो हम पर निर्भर है, हम तो उनका ख्याल रखते ही है किंतु वन्य जीवों का भी ख्याल रखना होगा कि उनकी शांति में कोई खलल ना पड़े। हम अपने वाहन से तेज हार्न बजाते हैं तो वायु प्रदूषण होता है जिससे उन्हें परेशानी होती है। हमें इसका ख्याल रखना चाहिए। मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने फरमाया कि जितनी ज्यादा जरूरत होती है, उतनी हिंसा ज्यादा होती है। जितनी जरूरत कम होती है उतनी हिंसा कम होती है। उन्होंने कहा कि जितने प्रोडक्ट है उनमें से अधिकांश में नॉनवेज का कुछ हिस्सा मिला होता है। छोटे से छोटे जीव के प्रति हर व्यक्ति को दया करनी चाहिए। हर जीव को अपना जीवन प्यारा होता है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने पेट को अनंत जीवों का कब्रिस्तान नहीं बनने देंगे। परमात्मा को किसी प्रकार का बलिदान पसंद नहीं है। आत्म कल्याण मार्ग में बढ़ने के लिए अहिंसा का मार्ग अपनाना ही होगा। हमें अपने जीवन को ऐसा बनाना है कि हम भौतिक चीजों का उपयोग कम से कम करें। हम जितनी ज्यादा भौतिक चीजों का उपयोग करते हैं उतनी ही हिंसा हमसे होती है। इसलिए हो सके तो हम अपना जीवन ऐसा बनाएं कि हमें इन चीजों की जरुरत ही ना पड़े। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी ।

# वृक्षों की रक्षा करना हम सबका दायित्व है : साईं मसन्द



**रायपुर, 12 अगस्त।** लोखंडवाला, मुम्बई निवासी प्रसिद्ध सिंधी फिल्म निर्माता आनन्द मनवाणी द्वारा रविवार 10 अगस्त को अपने बंगले पर सदाबहार गीतों की शाम के साथ 28वां वृक्षों के साथ रक्षाबंधन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सिंधी समाज के विख्यात संत, मसन्द सेवाश्रम रायपुर के पीठाधीश एवं शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज द्वारा गठित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू संगठन परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री साईं जलकुमार मसन्द साहिब रहे। साईं मसन्द साहिब 10 जुलाई से 7 सितम्बर तक मुम्बई बोरीवली में आयोजित शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज के चातुर्मास महोत्सव में भाग लेने मुम्बई पधारे हैं। समारोह को संबोधित करते हुए साईं मसन्द साहिब ने कहा कि वृक्षों का महत्व हमारे जीवन में बहुत अधिक है। वे ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं, जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है।

# महापौर एवं कलेक्टर ने लिया अटल परिसर का जायजा



**राजनांदगांव 12 अगस्त।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न माननीय अटल बिहारी बाजपेयी जी की स्मृति में शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। राजनांदगांव में निर्माणाधीन अटल परिसर का आज महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने जायजा लेकर निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किए। वही महापौर श्री यादव ने वूमेन-फॉर-ट्री के थीम पर शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के लिए स्थल का तथा पूर्व मंत्री माननीय लीलाराम भोजवानी जी की स्मृति में गौरव पथ के पास स्वागत द्वार निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया। अटल परिसर निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव एवं कलेक्टर डॉ. भूरे ने निर्माण की प्रगति की जानकारी लिए। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि, अटल परिसर में बाउण्ड्रीवाल, प्रवेश द्वार, फ्लोर एवं पेडेस्टल का निर्माण पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य अंतिम चरण में है। महौपार श्री यादव ने कहा कि, शासन की महत्वपूर्ण योजना अटल परिसर के तहत पूरे प्रदेश में अटल जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, शासन के मंशानुरूप परिसर का निर्माण किया जाए, अतिशीघ्र अटल परिसर का लोकार्पण विधानसभा अध्यक्ष एवं मंत्रियों के द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. भूरे ने कहा कि, रेलिंग, पत्थर लगाने, तथा लाईटिंग का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे शासन मापदण्ड के अनुरूप अटल परिसर का निर्माण हो सकें।

# साईबर सिटी की अवधारणा पर प्रारंभ किया गया आरोहण बीपीओ सेंटर : डॉ. रमन सिंह

### टेक्नो क्लास बिजनेस सॉल्यूशन के माध्यम से प्रशिक्षित 160 युवा अभ्यर्थियों को प्रदान किया नियुक्ति प्रमाणपत्र

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 12 अगस्त।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज ग्राम टेड़ेसरा प्रवास के दौरान आरोहण बीपीओ सेंटर पहुंचकर टेक्नो क्लास बिजनेस सॉल्यूशन के माध्यम से प्रशिक्षित एवं चयनित 160 युवा अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि चेन्नई और बैंगलोर गए थे तब उन्होंने बीपीओ सेंटर की अवधारणा को समझा।

बच्चों से मुलाकात के दौरान उनका उत्साह देखकर लगता था कि जो साईबर सिटी में हो सकता है उसकी शुरूआत छत्तीसगढ़ राज्य में कर सकते हैं। इसी कल्पना को लेकर राजनांदगांव जिले के ग्राम टेड़ेसरा में आरोहण बीपीओ सेंटर प्रारंभ किया गया। आरोहण बीपीओ सेंटर के कार्यरत युवाओं की संख्या बढ़ाकर 2 हजार कर दी गई है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि यहां कार्य करने के बाद देश के बैंगलोर, चेन्नई, मुंबई जैसे मेट्रो सिटी में जाकर बीपीओ में कार्य करने में सक्षम रहेंगे। उन्होंने कहा कि रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरोहण बीपीओ सेंटर की शुरूआत की गई थी और उसकी सफलता देखकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों के चेहरे में खुशी देखकर पिता को सबसे ज्यादा खुशी होती है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने यहां कार्य कर रहे युवाओं के बीच पहुंचकर उनकी कार्यप्रणाली को समझा और उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल श्री योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री संतोष अग्रवाल, श्री सौरभ कोठारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, सरपंच श्री खिलेश्वर साहू, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण एवं आरोपहण बीपीओ सेंटर के युवा उपस्थित थे।

# 13 अगस्त को शहीद स्मारक से निकलेगी तिरंगा यात्रा




**रायपुर, 12 अगस्त।** इस वर्ष छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में विशाल तिरंगा यात्रा शहीद स्मारक भवन राजबंधा मैदान से निकाल कर मरीन ड्राइव तेलीबांधा में तालाब में संपन्न होगा। जहां देश भक्ति गीतों की संगीत संध्या के साथ-साथ पूर्व सैनिकों का अभिनंदन कार्यक्रम भी रखा गया है। भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिले द्वारा आयोजित इस विशाल तिरंगा यात्रा में गैर दलीय आधार पर यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों व्यापारी संगठनों के साथ-साथ सांस्कृतिक संगठन स्वयंसेवी की संगठन महिला समूह शासकीय गैर शासकीय लोगों को देशभक्ति के प्रतीक तिरंगा यात्रा के सम्मान में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अहवान पर राजधानी रायपुर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

## संपादकीय

### आयोग तो बात करना चाहता है...

चुनाव आयोग तो विपक्ष से बात करना चाहता है, वह उनको बात करने के लिए बुलाता भी है लेकिन राहुल गांधी हो या विपक्ष के नेता बात करने नहीं जाते हैं, इससे साफ हो जाता है कि चुनाव आयोग तो समाधान चाहता है, वह तो उसके लिए उपाय भी सुझाता है लेकिन विपक्ष किसी उपाय पर राजी नहीं होता है। विपक्ष समाधान नहीं चाहता है, वह तो राजनीति करना चाहता है।वोट वेरिफिकेशन व वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के तीन सौ सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकाला। इस दौरान चुनाव आयोग ने विपक्ष के नेताओं से कहा कि उनकी तरफ से 30 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल उनसे बात करने आ सकता है। विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं हुआ वह इस बात पर अड़ा रहा कि विपक्ष के 300 लोग आएँगे, इसके लिए चुनाव आयोग तैयार नहीं हुआ क्योंकि तीन सौ लोगों से बात कैसे हो सकती है, चुनाव आयोग में 300 लोगों के बैठने की व्यवस्था भी नहीं थी। बात बनी नहीं तो तीन सौ सांसदों को गिरफ्तार कर बाद में रिहा कर दिया गया। इससे पहले भी चुनाव आयोग राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं को बात करने के लिए बुला चुका है, कोई बात करने नहीं गया है। राहुल गांधी ने हाल में जो आरोप लगाए, चुनाव आयोग ने आरोपों की जांच के लिए राहुल गांधी को तय प्रक्रिया के अनुसार शपथ पत्र देने को कहा ताकि वह आरोपों की जांच कर सके। राहुल गांधी ने शपथ पत्र देने के मना कर दिया। यही नहीं उन्होंने वोट चोरी का मामले में जो उदाहरण दिए थे, उन सबकी पोल खोल चुकी है, वह झूठ साबित हो चुके हैं। राहुल गांधी से चुनाव आयोग बार बार कह रहा है कि वह या तो अपने आरोपों के लिए शपथ पत्र दें या फिर देश से माफी मांगे। कर्नाटक के मंत्री राजन्ना ने तो मतदातासूची में गड़बड़ी के लिए कर्नाटक सरकार को दोषी बताया है उन्होंने कहा कि मतदाता सूची सुधारने का काम का राज्य के कर्मचारियों ने किया, इसके बाद भी जो त्रुटियां रह गई, उसे सुधारना तो कांग्रेस का काम था, कांग्रेस को जब यह काम करना था, तब किया नहीं और महीनों बाद त्रुटियों को वोट चोरी बता रही है। राजन्ना ने सच कहा तो उनसे मंत्री पद से इस्तीफा ले लिया गया।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपके द्वारा की जाने वाली प्रार्थना का फल जल्दी ही प्राप्त होगा। आज आप अपने कर्म पर ध्यान देंगे और पॉजिटिव बनें रहेंगे। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे तो आप अपने काम में बढ़िया परफॉर्म कर पायेंगे। आज आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों को महत्व देंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आपको घर की साफ-सफाई में माता जी की मदद करनी होगी।

**वृष** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। आज दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी। आज आपको किसी काम को लेकर उलझन हो सकती है लेकिन आप शांति से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो सब सही रहेगा। आज आपकी आस्था और विश्वास बरकरार रहेगा, आज आप जिस भी कार्य को करेंगे, वह पूरा हो जायेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने भाई के साथ मिलकर किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आपको अच्छा धन लाभ होगा। आज प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए भी लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी और भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी। आज आप दूसरे क्या कह रहे हैं, इस पर ध्यान दिए बिना अपने कार्यों को पूरा करेंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप जीवन को एक नए नजरिये से देखेंगे और समस्या को पाजिटिविटी के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आपके अंदर आ रहे बदलाव के कारण आज परिवार के सभी सदस्य आपसे खुश होंगे। आज अधूरे काम पूरे करने के लिए अच्छा दिन है और आज लेनदेन के मामलों में भी आप भाग्यशाली रहेंगे। आज आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से आपको प्रसन्नता होगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज दांपत्य जीवन एवं घर की व्यवस्था में मधुरता और आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आज युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में पड़कर समय नष्ट ना करें। आज आप कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे। आज आप अपने काम को छोटे-छोटे हिस्सों में बांट लें, जिससे काम करने में आसनी होगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं। आज जीवनसाथी व परिवार का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आज आप स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें और अपने खान ङ्क पान के ऊपर विशेष ध्यान दें। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आप अपनी सूझबूझ से काम लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है क्योंकि आपको पुराना अटका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों के साथ साथ नन्हें मेहमान का आगमन होगा। आज आपको एक से अधिक स्त्रोतों से आय मिलेगी और स्वास्थ्य समस्याओं से भी आपको राहत मिलेगी। आज आप व्यवसाय की कुछ योजनाओं को फिर से शुरु कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आएंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ भी आपका ध्यान केंद्रित होगा। आज आप अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहें तो आप सफलता के ज्यादा नजदीक होंगे। आज युवाओं को किसी अनुभवी तथा प्रतिष्ठित व्यक्ति का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आज आप किसी भी प्रकार का निर्णय लेनें से पहले अपनी बुद्धि और विवेक का उपयोग करें। आज समाज में आप अपनी एक अलग पहचान बनाएंगे।

**धनु** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप घर शिफ्ट करने से पहले उसकी अच्छे से जांच ङ्क पड़ताल कर लें। नया निवेश करने से पहले आप किसी जानकर की सलाह अवश्य ले लें। आज आपको घर के बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना होगा। आज आपके घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी आपको दी जा सकती है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। आज आप भावनाओं में आकर कोई भी फैसला न लें और जीवन से जुड़ी हर गतिविधि को व्यावहारिक तरीके से समझने का प्रयास करें। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद पलों को साझा करेंगे।

**कुम्भ** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहेगा। आज नौकरी या बिजनेस के सिलसिले में आपकी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आपको आपके काम में कामयाबी मिलेगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप अपने सहकर्मियों की मदद करेंगे, जिससे काम सही समय पर पूरा हो जायेगा। इस राशि के विद्यार्थियों को आज अपने सीनियर से मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिससे आप परीक्षा में बेहतर परफॉर्म करेंगे।

**मीन** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। ये समय आपके लिए आगे बढ़ने का है, सही योगदान देंगे तो आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। दूसरों की बातों पर ध्यान न देकर, काम के ऊपर फोकस करें। आज किसी व्यवसाय की योजना को शुरू करने का सही समय है। आज आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

### आज की सबसे बड़ी सामाजिक, आर्थिक व नैतिक आवश्यकता

# शिक्षा-चिकित्सा को मुनाफाखोरी से मुक्त होना चाहिएःभागवत

✍ ललित गर्ग





**शिक्षा और स्वास्थ्य में मुनाफ़ाखोरी को रोकना केवल कानून से संभव नहीं, इसके लिए समाज में मूल्य-आधारित सोच का विकास भी आवश्यक है। सेवा-भाव, मानवीय संवेदनशीलता और न्यायपूर्ण मूल्याधारित आर्थिक ढांचा-यही स्थायी समाधान हैं। मोहन भागवत की यह पहल यदि नीतिगत बदलावों में परिणत होती है, तो यह भारत को न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी मजबूत बनाएगी। भागवत ने कॉर्पोरेट शैली के कथित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व यानी सीएसआर के जुमले के बजाय लोककल्याण के धार्मिक सिद्धांतों के अनुसरण की भी अपील की। वर्तमान में कॉर्पोरेट जगत ने सीएसआर फण्ड को स्वयं के बनाये ट्रस्टों में दिखाकर सरकार के सीएसआर प्रावधानों की धज्जियां उडा रखी है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इंदौर के एक किफायती कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर जो बात कही, वह आज की सबसे बड़ी सामाजिक-आर्थिक और नैतिक आवश्यकता को उजागर करती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों को मुनाफाखोरी से मुक्त होना चाहिए, क्योंकि ये सेवा के क्षेत्र हैं, व्यापार के नहीं। हाल के वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा का जिस तेजी से बाजारीकरण एवं व्यावसायीकरण हुआ है, सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र ने इसे धन कमाने का जरिया बनाया है, वह न केवल नये समाज निर्माण की चिन्ताओं बल्कि एक दूषित सोच को दर्शाता है। क्योंकि उसने आम आदमी को बदहाली के कगार पर पहुंचाया है। महंगी शिक्षा ने जहां अभिभावकों का बजट हिला दिया है, वहीं चिकित्सा के नाम पर मुनाफाखोरी ने लाखों परिवारों को गरीबी के दलदल में धकेलते हुए जरूरी चिकित्सा से वंचित किया है। इस मर्ज की रग पर हाथ रखते हुए भागवत द्वारा दी गई चेतावनी सत्ताधीशों की आंख खोलने वाली है।

भारत में स्वास्थ्य-शिक्षा को प्रारंभ से ही सामाजिक दायित्व मानने की परंपरा रही है। लेकिन दुर्भाग्य से आज स्कूल-कॉलेज और अस्पताल लाभ संचालित उपक्रमों में तब्दील हो गए हैं और सेवा की बजाय धन कमाने के अड्डे बन गये हैं। आज निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकारों की मानसिकता भी धन-केन्द्रित होती जा रही है, जिससे आमजन को सस्ते एवं किफायती शिक्षा एवं चिकित्सा के साधन-सुविधाएं सुलभ नहीं हो रही है। मुनाफाखोरी की अंतहीन लिप्सा ने कथित गुणवत्ता वाले स्कूलों व अस्पतालों को आम आदमी की पहुंच से दूर किया है। इन जटिल होती स्थितियों के बीच भागवत का यह बयान केवल एक सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है-सरकार, नीति-निर्माताओं और समाज के लिए। शिक्षा और स्वास्थ्य, दोनों ही मानव जीवन के मूलभूत स्तंभ हैं। लेकिन आज इन दोनों क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती व्यावसायिक प्रवृत्तियां इन्हें सेवा के बजाय मुनाफे की मशीन बना रही हैं। निजी स्कूलों की भारी फीस, कोचिंग संस्थानों की प्रतिस्पर्धा और महंगे मेडिकल कॉलेजों की ट्यूशन-इन सबने शिक्षा को गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर कर दिया है। इसी तरह, अस्पतालों और दवा कंपनियों का अत्यधिक मुनाफा-उन्मुख मॉडल स्वास्थ्य को एक महंगे उत्पाद में बदल रहा है।

निस्संदेह, मोहन भागवत की यह चिंता हमारे समय की विसंगतियों एवं विकृत आर्थिक सोच पर तीखा प्रहार करती है। आज आम भारतीय परिवारों पर स्वास्थ्य सेवाओं का भारी वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। विडंबना यह है कि इस खर्च का छोटा हिस्सा ही सरकारी खजाने से वहन किया जाता है, जो कि स्वास्थ्य खर्च का महज 17 फीसदी है। वहीं करीब 82 फीसदी स्वास्थ्य खर्च लोगों को मुश्किल हालात में वहन करना पड़ता है। इन स्थितियों के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद कई परिवार जीवन भर के लिये कर्ज में डूब जाते हैं। तो कई परिवार हमेशा के लिये गरीबी की दलदल में धंस जाते हैं। आज देश की बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों, मसलन हृदय रोग, मधुमेह व उच्च रक्तचाप आदि से जूझ रही है। इनकी जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार के लिये मरीजों को एक बड़ी रकम चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। जो कि बीमा योजनाओं के द्वारा बमुश्किल ही पूरी की जाती है। इन विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक स्थितियों के बीच मोहन भागवत का यह संदेश न केवल आर्थिक सुधार का आह्वान है, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का भी। शिक्षा और चिकित्सा को व्यापार से मुक्त करना सिर्फ भावनात्मक या नैतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्थिरता और समानता का प्रश्न है। जब गरीब को इलाज न मिले, और होनहार छात्र को शिक्षा से वंचित रहना पड़े, तब असमानता, असंतोष और सामाजिक अशांति बढ़ती है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया भारत, विकसित भारत, विश्वासभरा भारत का नारा कोरा दिखावा ही प्रतीत होता है।

नये भारत में जब आम जनता से करो के रूप में भारी भरकम रकम वसूली जा रही है, जो उस रकम को जनकल्याण एवं जनसेवा में खर्च किया जाना चाहिए। आजादी के बाद से सरकार पर शिक्षा एवं चिकित्सा की ही जिम्मेदारी डाली गयी थी, जिसको सरकारों ने बड़ी चतुराई से धीरे-धीरे निःशुल्क की बजाय सशुल्क करने की कारगरी दिखाई है, जो जनता के विश्वास को आहत करने वाली है। इसलिये भागवत का यह बयान सरकार के लिए आंख खोलने वाला होना चाहिए। नीति-स्तर पर ऐसे कदम जरूरी हैं जिनसे-सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों को उच्च गुणवत्ता के साथ सशक्त एवं जनसुलभ किया जाए। निजी क्षेत्र में फीस और इलाज की दरों पर प्रभावी नियंत्रण हो। सेवा-भाव को बढ़ाने के लिए कर-छूट और प्रोत्साहन मिलें, जबकि मुनाफाखोरी पर कठोर दंड लागू हो। स्वास्थ्य और शिक्षा में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ लागू किया जाए, इन दोनों क्षेत्रों से धन कमाने की प्रवृत्तियों को अपराध माना चाहिए। यह भी तय किया जाये कि इन दोनों क्षेत्रों में सेवा एवं मिशन भावना से आने वालों को ही मान्य किया जाये, धन कमाने वालों के लिये इन दोनों क्षेत्रों के दरवाजे बन्द हो।

शिक्षा और स्वास्थ्य में मुनाफाखोरी को रोकना केवल कानून से संभव नहीं, इसके लिए समाज में मूल्य-आधारित सोच का विकास भी आवश्यक है। सेवा-भाव, मानवीय संवेदनशीलता और न्यायपूर्ण मूल्याधारित आर्थिक ढांचा-यही स्थायी समाधान हैं। मोहन भागवत की यह पहल यदि नीतिगत बदलावों में परिणत होती है, तो यह भारत को न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी मजबूत बनाएगी। भागवत ने कॉर्पोरेट शैली के कथित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व यानी सीएसआर के जुमले के बजाय लोककल्याण के धार्मिक सिद्धांतों के अनुसरण की भी अपील की। वर्तमान में कॉर्पोरेट जगत ने सीएसआर फण्ड को स्वयं के बनाये ट्रस्टों में दिखाकर सरकार के सीएसआर प्रावधानों की धज्जियां उडा रखी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच और दर्शन में शिक्षा और चिकित्सा हमेशा सेवा और संस्कार के मूल्यों से जुड़ी रही है। संघ मानता है कि राष्ट्र निर्माण का असली आधार स्वस्थ और शिक्षित नागरिक हैं, और इन दोनों आवश्यकताओं को समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और समान रूप से पहुंचाना ही सच्ची देशभक्ति है। डॉक्टर को केवल इलाज का शुल्क लेने वाला पेशेवर नहीं, बल्कि रोगी की पीड़ा का साझेदार मानना और शिक्षक को केवल पाठ पढ़ाने वाला कर्मी नहीं, बल्कि जीवन-निर्माता के रूप में देखना-यही संघ का दृष्टिकोण है। इसी सोच के तहत भागवत का यह आह्वान है कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मुनाफाखोरी के पंजे से मुक्त कर, इन्हें सेवा के आदर्श पर स्थापित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित न हो और कोई भी रोगी आर्थिक बोझ के कारण इलाज से दूर न रहे। सरस्वती के मंदिर एवं सेवा के आश्रय-स्थल आज व्यापार के केंद्र बन गये हैं, ये मिशन नहीं, व्यवसाय बन गये हैं। पिछले दिनों इससे जुड़ा जनाक्रोश तब चरम पर नजर आया जब हैदराबाद के एक स्कूल में नर्सरी में दाखिले की सालाना फीस ढाई लाख रुपये बतायी गई। जिससे अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त हो गया। जिसके बाद महंगी होती शिक्षा को लेकर नई बहस छिड़ गई। निस्संदेह, बढ़ती फीस के ये आंकड़े शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण एवं बाजारीकरण को भी रेखांकित करते हैं। ऐसे में भागवत की हालिया अपील सत्ताधीशों को नीतिगत बदलावों के बारे में सोचने को विवश कर सकती है, अब समय आ गया है कि सरकार शिक्षा एवं चिकित्सा को लेकर नीतिगत कठोर मानवतापूर्ण बदलाव करें एवं इन्हें मुनाफ कमाने की मशीन न बनने दे। निस्संदेह, भागवत के संदेश पर मोदी सरकार को गंभीरता से विचार-विमर्श करना चाहिए। दरअसल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को बाजार की वस्तु के बजाय नागरिक अधिकारों के दायरे में लाने की जरूरत है। इन क्षेत्रों को राजस्व स्रोत के बजाय नागरिक दायित्वों के रूप में मानकर सरकार समता, संतुलन एवं सेवा का समाज स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

### विश्व हाथी दिवस

# हाथियों की बुद्धिमत्ता और सामाजिक संरचना

✍ फरहत नाज़



जंगल प्रकृति का एक खूबसूरत चेहरा है जहां हरे भरे पेड़, जीव-जंतु, जड़ी-बूटियां, अलग-अलग प्रजातियों के खूबसूरत पक्षियों का आशियाना और जंगली हाथी जैसे सैकड़ों वन्यजीव मौजूद हैं। हर साल 12 अगस्त को विश्व हाथी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन विशेष रूप से हाथियों के संरक्षण और सुरक्षा की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए मनाया जाता है। हाथी, विश्व के लिए बहुत ही जरूरी प्राणी है। हाथी जंगल में रहने वाले दूसरे वन्यजीवों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में मदद करते हैं। हाथियों की झुंड में चलने की वजह से घने जंगलों में खुद ब खुद रास्ता बनते जाता है जो दूसरे जानवरों के लिए बहुत मददगार होता है।

एशियाई हाथियों की वैश्विक आबादी का 60 प्रतिशत से अधिक भारत में है। वर्तमान में देश के 14 राज्यों में लगभग 65 हजार वर्ग किलोमीटर में हाथियों के लिए 30 वन क्षेत्र सुरक्षित हैं। लेकिन हाल-फिलहाल जितनी तेजी से मानव हाथी संघर्ष की घटनाएं हुई हैं, वह चिंता का विषय है। हाथी परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक 5 वर्षों में एक बार हाथियों की गणना की जाती है। पिछली बार हाथियों की गणना वर्ष 2017 में हुई थी। हाथी जनगणना 2017 के अनुसार, भारत में एशियाई हाथियों की कुल संख्या 27,312 है।

बेंगलुरु एशियाई हाथियों की जनसांख्यिकी अनुमान-2023 पर एक अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक में हाथियों की संख्या 346 बढ़ गई है, जो 2017 में अनुमानित 6,049 से बढ़कर अब 6,395 हो गई है। हाथी जनगणना-2023 के अनुसार, हाथियों की कुल संख्या में कर्नाटक देश में प्रथम स्थान पर है। यह रिपोर्ट भारत के कुछ राज्यों जैसे केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गोवा के सहयोग से कर्नाटक वन विभाग द्वारा 17 से 19 मई के मध्य तैयार किया गया।

कर्नाटक में हाथियों की संख्या 2010 में 5,740 से बढ़कर 2012 में 6,072 हो गई थी, 2017 में यह घटकर 6,049 हो गई। हालांकि, 2023 में हाथियों की संख्या में 346 की वृद्धि हुई है जो किसी भी सरकार के लिए एक सुखद सन्देश है। 23 वन प्रभागों में की गई जनगणना से पता चलता है कि राज्य में हाथी का औसत घनत्व 0.34 प्रति वर्ग किमी है। 1,116 हाथियों के साथ बांदीपुर टाइगर रिजर्व में 0.96 प्रति वर्ग किमी का उच्चतम घनत्व है। इसके बाद नागरहोल टाइगर रिजर्व में 831 हाथी हैं जिनका औसत घनत्व 0.93 है। इसी तरह, 619 हाथियों के साथ बीआरटी टाइगर रिजर्व का घनत्व 0.69 है, जबकि एमएम हिल्स वन्यजीव अभयारण्य में 706 हाथी हैं जिनका घनत्व केवल 0.60 है।

कई राज्यों में जंगली हाथियों के उत्पात के कारण संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचता है। इससे निपटने के लिए आकाशवाणी छत्तीसगढ़ ने हाथी समाचार नामक एक अग्रणी पहल शुरू की है। यह पूरे देश में अपनी तरह की अनूठी पहल है। प्रधानमंत्री ने भी अपने कार्यक्रम मन की बात में छत्तीसगढ़ में हाथियों के लिए शुरू किये गये रेडियो कार्यक्रम 'हमर हाथी हमर गोठ' का जिक्र किया था। साल 2017 में छत्तीसगढ़ में हाथियों के आतंक को रोकने और ग्रामीणों को सचेत करने के लिए आकाशवाणी के रायपुर केंद्र से 'हमर हाथी-हमर गोठ' कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। छत्तीसगढ़ गंभीर मानव हाथी संघर्ष का सामना करने वाले राज्यों में से एक है। जिसके परिणामस्वरूप लोगों की जान चली जाती है और कृषि भूमि और घरों को काफी नुकसान पहुंचता है।

हाथी समाचार 4 आकाशवाणी केंद्रों ङ्क अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ के माध्यम से हिंदी में एक साथ प्रसारित होते हैं। इस कदम ने जंगली हाथियों के स्थानों और आवाजाही के बारे में लोगों को पूर्व चेतावनी देकर मानव हताहतों के जोखिम को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। सोशल मीडिया के इस दौर में रेडियो कितना सशक्त माध्यम हो सकता है, इसका अनूठा प्रयोग छत्तीसगढ़ में हाथियों की सूचनाओं के लिए किया जा रहा है।

वन्यजीवों को बचाने के साथ-साथ हाथियों द्वारा जानमाल की हानि से बचने के लिए रेडियो एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस संबंध में 'हमर हाथी हमर गोठ' कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता एवं हाथी विशेषज्ञ ङ्क अमलेंदु मिश्रा के अनुसार इस कदम ने मानव हताहतों के जोखिम को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। जिससे ग्रामीणों को जंगली हाथियों के स्थान और आवागमन के बारे में पहले से ही जानकारी मिल जाती है। इस तरह के कार्यक्रम अन्य जगहों पर भी प्रसारित होने चाहिए। उन्होंने बताया कि जहां टीवी की पहुंच नहीं है उस जगह रेडियो के माध्यम से जागरूकता अभियान को बढ़ावा देना होगा।

रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड में भी जंगली हाथी मानव बस्ती में प्रायः घुस जाते हैं। मध्य प्रदेश में बीते कुछ वर्षों में यह समस्या लगभग 11 जिलों को प्रभावित कर रही है। उत्तर प्रदेश के नेपाल से सटे तराई क्षेत्र के गांवों और उत्तराखंड में भी हरिद्वार के आसपास जंगली हाथियों का विचरण चिंता का विषय है। ऐसे में हाथी समाचार इन राज्यों में भी प्रसारित किये जाने चाहिए ताकि हाथियों की सटीक जानकारी गांव वालों तक पहुंच सके। इससे मानव जीवन की रक्षा के साथ हाथियों के संरक्षण में भी सहायता मिलेगी।

# खरीफ फसलों में इस बार बाजरा का उत्पादन गिरेगा, किसान परेशान

✍ अजय दीक्षित

भारत में खरीफ फसलों के रूप में बाजरा मूंग, उड़द, सोयाबीन, रागी, आदि मानसून सीजन में होती हैं। लेकिन इस बार अत्यधिक बारिश और बाढ़ चलते विशेषकर उत्तर भारत, में उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, में बाजरा की फसल लगभग समाप्त हो गई है।भारत में लगभग 80 लाख हैक्टेयर भूमि में यह फसल उगाई जाती है जिसमें राजस्थान में सर्वाधिक 42 लाख हैक्टेयर, उत्तर प्रदेश में 22 , मध्य प्रदेश में 9.5 और गुजरात 10 लाख हैक्टेयर भूमि बाजरा की बोवनी होती हैं। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, को मिलकर 118000 से अधिकतम 1300 मीट्रिक टन का उत्पादन किया जाता है।इस बार किसान 15 जून के आसपास तीव्र मानसून आने के कारण राजस्थान, गुजरात, मध्य, उत्तर प्रदेश में या तो फसल की बोवनी नहीं कर पाए या बोवनी हो भी गई तो लगातार बारिश कारण फसल गल गई। बाजरा एक ऐसी फसल है जो बहुत कम पानी में हो जाती है।चंबल क्षेत्र में कहावत है कि बाजरा के तो कान में भी पानी की कुछ बूंदे चली जाय तो फसल हो जाएगी। बाजरा उन्हीं इलाकों की फसल थी जहां सिंचाई के साधन नहीं थे। ब्रिटिश गजट में उल्लेख है कि 1912 में उत्तर भारत में बाजरा जोए, मूंग, रागी, उड़द, ग्वार, मूंगफली की खेती होती थी।1912 में जब भयंकर सूखा पड़ा तो लोगों के पास अनाज नहीं था। और 30 की आबादी इस सूखे के चलते काल के गाल में समा गई थी।इसी प्रकार 1930 का सूखा ऐसा पड़ा था कि गुजरात में अनाज के बदले अपने गहने, बच्चे बेच दिए थे जो बालिग थे। उसी के साथ दालें भी होती हैं।किसान का मुख्य भोजन इन चीजों से ही बनता है। सबलगढ़ मध्य प्रदेश के गरीब किसान मनीष रावत कहते हैं कि इस बार पशुओं के लिए चारा के भी लाले पड़े हैं। बाजरा मूंग उड़द अति वर्षा के कारण नष्ट हो गई है। बाजरा की फसल मनुष्यों से तो जुड़ी हुई है लेकिन यह पशुओं का हरा चारा भी है। सितंबर से फरवरी तक पशुओं को बाजरा की करब ही चुनी में मिलकर दी जाती है। दुधारू गायों, भैंसों को घास के साथ , बाजार के अतिशेष भी दिए जाते हैं।बाजरा मध्य जून में वो कर 80 से 90 दिन में काटा जा सकता है।यानी आषाढ़ से कुंवार माह में हो जाता है। आजादी के बाद और कुछ इलाकों में अंग्रेजों ने भी सिंचाई परियोजना बांध निर्माण किए।मगर आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री स्व जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में रावी व्यास, सतलुज, सिंध, चंबल, गंगा, यमुना, गोमती, कावेरी कृष्णा गोदावरी, नर्मदा, बेतवा, केन, पार्वती, महानदी, दामोदर वैली, गांधी सागर, हीराकुंड, बांध निर्माण किए गए। इनमें से लाखों किलोमीटर नहर बनाई गई।जो भारत में हरित क्रांति का कारण बने।किसान रवि की फसल भी लेने लगे हैं। कनाडा विश्व का सबसे बड़ा कृषि हब है। लेकिन वहां की सरकार किसानों को बीज, खाद, पानी, वेयरहाउस, मुफ्त में देती है। लेकिन अपने देश में अभी वह समय नहीं आया है।

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है नारियल पानी, लेकिन ये 5 लोग इसे न पिएं

नारियल पानी को एक बेहद सेहतमंद पेय माना जाता है। इसमें कम कैलोरी होती हैं और यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। हालांकि, क्या आपको पता है कि कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें नारियल पानी नहीं पीना चाहिए। आइए जानते हैं कि किन लोगों को नारियल पानी नहीं पीना चाहिए और इसके पीछे का कारण क्या है ताकि इस पेय का सेवन करने से पहले आप इन बातों का ध्यान रख सकें।



**कम ब्लड प्रेशर के मरीज :** अगर किसी व्यक्ति का ब्लड प्रेशर पहले से ही कम है तो उन्हें नारियल पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इसका कारण है कि नारियल पानी में पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जो पहले से कम ब्लड प्रेशर वाले लोगों को और भी कम कर सकता है। इसके अलावा इसमें मौजूद पोटेशियम शरीर में नमक के प्रभाव को कम करके ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे सिरदर्द हो सकता है।

**खराब पाचन वाले लोग:** खराब पाचन वाले लोगों को भी नारियल पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इसका कारण है कि नारियल पानी में रेशा की मात्रा अधिक होती है और रेशा खराब पाचन वाले लोगों की स्थिति को और भी खराब कर सकता है। इसके अलावा रेशा गैस, कब्ज, पेट दर्द और सूजन जैसी कई पाचन संबंधी समस्याओं का कारण भी बन सकता है। इसलिए खराब पाचन वाले लोग सीमित मात्रा में ही नारियल पानी का सेवन करें।

**अधिक ठंड लगने की समस्या होने पर :** अगर आपको ठंड लगने की समस्या रहती है तो आपको नारियल पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इसका कारण है कि नारियल पानी ठंडा होता है और इससे ठंडक और अधिक बढ़ सकती है। इसके अलावा इससे गले में खराश और खांसी भी हो सकती है। बेहतर होगा कि ठंडे पानी की जगह नारियल पानी कमरे के तापमान पर ही पिएं। ठंड लगने के कारण और इससे राहत पाने के घरेलू नुस्खे भी मददगार हो सकते हैं।

**मधुमेह के मरीजः** मधुमेह के मरीजों के लिए भी नारियल पानी का सेवन करना खतरनाक हो सकता है। इससे शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है। हालांकि, मधुमेह के मरीज नारियल पानी का सेवन कर सकते हैं, लेकिन केवल सीमित मात्रा में। इसके अलावा ताजा नारियल पानी का सेवन करें। इसके लिए नारियल के पानी को न तो गर्म करें और न ही फ्रिज में रखें।

**गुर्दे की समस्याः** अगर किसी व्यक्ति को गुर्दे से जुड़ी कोई समस्या है तो उसे भी नारियल पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इसका कारण है कि नारियल पानी में पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जो गुर्दे की समस्या वाले लोगों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। दरअसल, खराब गुर्दे पोटेशियम को सही ढंग से शरीर से बाहर नहीं निकाल पाते, जिससे शरीर में इसकी अधिकता हो जाती है।

## सु-दोकू 137

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.136 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## एक नजर

### आधार अपडेशन के लिए ग्राम पंचायतों में लगेगा कैंप



**रायगढ़, 12 अगस्त।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुलभ रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सभी सेक्टरों के चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में आधार अपडेशन शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्री जितेंद्र यादव ने आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले के 54 आधार ऑपरेटरों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ ने प्रत्येक ऑपरेटर को शिविर में आवश्यक संसाधनों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और प्रतिदिन कम से कम 50 आधार अपडेशन कार्य पूर्ण करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद सीईओ को भी आधार अपडेट अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने और ऑपरेटरों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों एवं स्थानीय अमलों का सहयोग उपलब्ध कराने को कहा। गौरतलब है कि वर्तमान में महतारी वंदन योजना सहित कई योजनाओं में लाभ वितरण के लिए आधार अपडेशन अनिवार्य है।

### दिव्यांग छात्र गोविंद दास को मिलेगा छात्रावास में प्रवेश

**रायगढ़, 12 अगस्त।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं, मांगें और शिकायतें गंभीरता से सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदनों का नियमानुसार और संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में घरघोड़ा तहसील के ग्राम बुलेकेरा निवासी मनबंधू दास ने बताया कि उनके पुत्र गोविंद दास का प्रवेश डिग्री कॉलेज रायगढ़ में हो गया है, किंतु रहने की व्यवस्था नहीं है। साथ ही गोविंद एक आंख से दिव्यांग हैं। इस पर कलेक्टर ने तत्काल आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को निर्देशित किया कि गोविंद दास को छात्रावास में प्रवेश दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। छत्तीसगढ़ कामगार सिविल एवं पेंटिंग मजदूर संघ ने रायगढ़ नगर के नया शनि मंदिर श्रमिक चौक में प्रतिदिन रोजगार के लिए एकत्र होने वाले सैकड़ों श्रमिकों की सुविधा हेतु स्थाई प्रतीक्षालय, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने परिवहन विभाग ने जारी किया शेड्यूल

**रायगढ़, 12 अगस्त।** जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ की ओर से वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 12 से 14 अगस्त 2025 तक जिले के विभिन्न स्थानों पर संचालित होंगे। जारी सूची के अनुसार घरघोड़ा में हंसराज परिवहन सुविधा केंद्र (मो. 9302740057) द्वारा जनपद कार्यालय के सामने, पुसौर में साईं परिवहन सुविधा केंद्र (मो. 9938216164) द्वारा वरुण हार्डवेयर बिजली ऑफिस के सामने एनटीपीसी रोड पुसौर और रायगढ़ में आकृति परिवहन सुविधा केंद्र (मो. 9522118887) द्वारा शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में 12 अगस्त से 14 अगस्त तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में वाहन स्वामियों को निर्धारित तिथि और स्थान पर अपने वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने की सुविधा दी जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाकर नियमानुसार संचालित करें।

### मोटर परिवहन अधिनियम के तहत सभी उपक्रमों का पंजीयन अनिवार्य

**रायगढ़, 12 अगस्त।** मोटर वाहन चालकों की कार्य अवधि, आराम, ओवरटाइम और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग ने मोटर परिवहन उपक्रमों के लिए पंजीयन अनिवार्य कर दिया है।

सहायक श्रमायुक्त, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मोटर परिवहन चालकों के काम के घण्टे तथा दुर्घटनाओं के संबंध में रिट पिटीशन (सिविल) क्रमांक-295/ 2012 (एस.राजासिकरन विरूद्ध भारत संघ एवं अन्य) में पारित आदेश 17 अप्रैल 2025 के परिपालन में परिवहन वाहनों का संचालन करने वाले ड्राईवरों के कार्य के घण्टे (धारा-13), आराम अंतराल (धारा-14,15), रात्रि कार्य प्रतिबंध (धारा-16), साप्ताहिक विश्राम (धारा-19) व ओवरटाईम (धारा-20) आदि नियमों के अनुपालन हेतु मोटर कर्मकार परिवहन कामगार कार्यरत है उन्हें पंजीयन करवाना अनिवार्य है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन 3 सितंबर तक

**रायगढ़, 12 अगस्त।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु अस्थाई रूप से आयुक्त कार्यालय/पदेन सचिव छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति (छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अधीन गठित) एवं एनईएसटीएस द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक दर पर व्यवस्था हेतु अतिथि शिक्षकों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑफलाईन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

# मुर्गा लड़ाई की भीड़ में दिखते हैं स्कूल के बच्चे भी, परंपरा की आड़ में चल रहा अवैध कारोबार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 12 अगस्त।** बस्तर की पारंपरिक संस्कृति में शामिल मुर्गा लड़ाई अब अपने मूल स्वरूप से भटककर बड़े पैमाने पर जुए का अड्डा बन चुका है। खासकर जिले के तारलागुड़ा में इसकी स्थिति और गंभीर हो गई है, जहां खेल अब बच्चों तक को अपनी गिरफ्त में लेने लगा है। तेलंगाना से आए लोग इस पर कब्जा जमाकर इसे करोड़ों के सट्टे का माध्यम बना रहे हैं।

एक माह से मुर्गा बाजार में मेला जैसा माहौल बना हुआ है। तेलंगाना से आए व्यापारी यहां नाश्ता, शराब और बिरयानी की दुकानें लगा रहे हैं। इसी भीड़-भाड़ में स्कूल के कुछ बच्चें हाथ में पैसे लिए घूम रहे हैं तो कुछ बच्चें पानी की बोतलें बेच रहे हैं। कई नाबालिग जुए और सट्टे के माहौल में फंसकर लत के शिकार हो रहे हैं।



तारलागुड़ा थाने के सामने पर यह अवैध मुर्गा बाजार खुलेआम फल फुल रहा है। यहां रोजाना 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक का जुआ खेला जा रहा है। मुर्गा बाजार में प्रवेश के लिए अलग-अलग 300 रूपये, 500 रूपये और वीआईपी टिकट के नाम पर 1,000 रुपये वसूलते हुए हाथों में वीआईपी सील लगाया जा रहा हैं। चारों ओर हरे परदे लगाकर इसे पूरी तरह ढक दिया गया है, जिससे बाहर से कुछ भी न दिखे। अब तो ग्रामीण भी मजबूरी में टिकट खरीदकर ही अंदर जा पा रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया हैं कि इस बाजार का संचालन तेलंगाना के वानम प्रकाश के हाथ में है, जिसने लाखों रुपये देकर सरपंच काका भास्कर, सचिव श्रीनिवास दुधी और कुछ ग्रामीणों की मदद से पूरा मुर्गा बाजार का प्रबंधन हासिल कर लिया है। इसके चलते न सिर्फ जुए का दायरा बढ़ा है, बल्कि आसपास के गांवों में भी सट्टेबाजी की लत फैलने लगी है।हर साल गांव का एक मोहल्ला जिसमें 10 ग्रामीणों का समूह होता है वे इस मुर्गा बाजार को 50-100 रुपये के टिकट लेकर मुर्गा लड़ाई आयोजित करता था। जिनके पास पैसे नहीं होते, वे भी दूर से इस परंपरा का आनंद लेते थे।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से बन रहे लोग आत्मनिर्भर

**रायगढ़, 12 अगस्त।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस योजना के तहत नागरिकों को न केवल जागरूक किया जा रहा है, बल्कि उन्हें आवेदन कर लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में रायगढ़ के सावित्री नगर निवासी श्री प्रदीप पटेल ने अपने घर पर 3 किलोवॉट का सौर पैनल स्थापित कर बिजली बिल से राहत पाई है। यह पैनल सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लगाया गया है। इसमें उन्हें केंद्र सरकार से 78,000 रुपए और राज्य सरकार से 30,000 रुपए की सब्सिडी प्राप्त



हुई। आवेदन करने के मात्र 10 दिन के भीतर ही सब्सिडी की राशि उनके खाते में जमा हो गई। श्री पटेल के यहां प्रतिमाह 350-400 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। उनका औसत मासिक खपत 500 यूनिट है, जिससे उन्हें केवल 100-150 यूनिट का ही बिल चुकाना पड़ता है। उन्होंने योजना की सराहना करते हुए अन्य नागरिकों से भी इसका लाभ उठाने की अपील की और शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।

### जिले के 197 से अधिक घर सौर ऊर्जा से बिजली के मामले में आत्मनिर्भर

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' के तहत रायगढ़ जिले में अब तक 197 से अधिक घरों में सौर रूफटॉप सिस्टम स्थापित हो चुके हैं। इनसे सैकड़ों परिवारों को बिजली बिल से मुक्ति मिली है और वे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

### 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**सुकमा, 12 अगस्त।** आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र के परिपालन में कलेक्टर सुकमा श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा जिले में 15 अगस्त ''स्वतंत्रता दिवस'' के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की समस्त देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, प्रिमीयम विदेशी मदिरा दुकान, संलग्न अहाता, एफ.एल.8, मद्य भाण्डागार एवं सैनिक कैंटीन पूर्णतः बंद रहेगा। इस दिन मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए ।

## गुम बच्चों का तलाशने में राज्य में दुर्ग पुलिस प्रथम

**दुर्ग, 12 अगस्त।** दुर्ग पुलिस की ऑपरेशन मुस्कान ने कई मायूस परिवारों के चेहरों पर एक बार फिर मुस्कान लौटाई है गुमशुदा बच्चों को तलाशने और सकुशल बरामद करने की कड़ी में दुर्ग पुलिस ने पूरे प्रदेश में अपना पहला स्थान बनाया है जुलाई 2025 में चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान में दुर्ग पुलिस ने 181 गुमशुदा बच्चों का सकुशल बरामद कर उनके परिवार से मिलाने में बड़ी सफलता हासिल की है इस अभियान में विशेष भूमिका निभाने वाले 8 थाना प्रभारियों को दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पुलिस ऑपरेशन मुस्कान के जरिये गुमशुदा बच्चों की तलाशी अभियान चला रही है इस अभियान का ही असर है



कि आज पुलिस की कड़ी मेहनत से लापता हुए बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिवार को सौंपकर नई खुशियां दी जा रही है दुर्ग पुलिस द्वारा भी ऑपरेशन मुस्कान के जरिये जुलाई माह में कुल 181 गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है दुर्ग पुलिस के ऑपरेशन मुस्कान के तहत मिले बच्चों में 31 बालक और 150 बालिकाएं शामिल हैं जिन्हे सकुशल बरामद कर पुलिस ने उनके परिवार को सुपुर्द किया गया एसएसपी विजय अग्रवाल के दिशा निर्देश पर पुलिस टीम लापता बच्चों की खोजबीन के लिए हर गुमशुदा बच्चे के घर जाकर परिजनों से जानकारी जुटाई। इसके साथ ही हर मामले की अलग से समीक्षा की गई। संभावित स्थानों की सूची बनाकर विशेष टीमों का गठन किया गया। जिसके बाद पुलिस की टीमें छत्तीसगढ़ के साथ ही दूसरे राज्यों में जाकर बच्चों को पता लगाकर उन्हे सकुशल बरामद किया गया। इनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, ओडिशा, राजस्थान, झारखंड, मध्यप्रदेश, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश तक पुलिस की टीम पहुंची इन राज्यों से 28 बच्चों को सकुशल बरामद किया गया प्रदेशव्यापी इस अभियान में दुर्ग पुलिस ने सबसे अधिक बच्चों को बरामद करके पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाना पुलिस का मानवीय कर्तव्य है और यह सफलता हमारी टीम के निरंतर प्रयास का परिणाम है एसएसपी विजय अग्रवाल ने इस अभियान में अहम भूमिका अदा करने वाले थानेदारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया सम्मानित होने वालों में सुपेला टीआई विजय यादव , जामुल टीआई राजेश मिश्रा ,खुर्सीपार टीआई आंनद शुक्ला , पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ,भट्ठी टीआई राजेश साहू ,अमलेश्वर प्रभारी राम नारायण ध्रुव, नंदिनी प्रभारी पारस सिंह ठाकुर और वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी शामिल हैं

## जिला रायगढ़ की न्यायिक विरासत में जुड़ा नया अध्याय





**रायगढ़, 12 अगस्त।** जिला रायगढ़ की न्यायिक व्यवस्था में आज एक नया अध्याय जुड़ गया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से कई महत्वपूर्ण न्यायिक अधोसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर रायगढ़ के पोर्टफोलियो न्यायाधीश श्री संजय के.अग्रवाल एवं उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने रायगढ़ जिले के तहसील खरसिया में व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय एवं डिजिटल कम्प्यूटर कक्ष का शुभारंभ और तहसील घरघोड़ा में लॉयर्स हॉल एवं डिजिटल कम्प्यूटर कक्ष तथा बिलाईगढ़-भटगांव स्थित सिविल न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों के लिए आवासीय भवन का शिलान्यास किया।

मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने अपने उद्बोधन में इन सभी परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास का श्रेय न्यायालय, न्यायिक सेवा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को देते हुए कहा कि यह पहल न्यायिक व्यवस्था को और सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाएगी। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में अधोसंरचना का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों की क्षमता एवं तत्परता को बढ़ाना है, जिससे पक्षकारों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय मिल सके। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक सेवा के न्यायिक अधिकारीगण, वरिष्ठ न्यायाधीश एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूवर्ती गांव में विकास कार्यों का कलेक्टर, एसपी ने किया निरीक्षण

**सुकमा 12 अगस्त।** कभी नक्सली कमांडर हिड़मा के नाम से कुख्यात रहे सुकमा जिले के दूरस्थ और नक्सल प्रभावित गांव पूवर्ती में बदलाव की बयार बह रही है। आज यह गांव सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़कर विकास की मुख्यधारा की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में सुकमा कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण तथा डीएफओ श्री अक्षय दिनकर भोसले ने पूवर्ती गांव का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। कलेक्टर से ग्रामीणों ने गाँव के विकास और समस्याओं के बारे में बिना झिझक अपनी बात रखी।

अधिकारियों ने सबसे पहले मुख्य सड़क सिलगेर से पूवर्ती को जोड़ने वाले बीआरओ द्वारा निर्मित बैली ब्रिज का निरीक्षण किया। यह पुल बारहमासी आवागमन सुनिश्चित कर रहा है और गांव को सालभर जिला मुख्यालय से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण के बाद अब वर्षा ऋतु में भी शहरों से गांव का संपर्क नहीं टूटता।दौरे के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने ग्रामीणों से सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यकताओं पर चर्चा की।

## स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जिले के 101 अमृत सरोवरों पर होंगे विशेष कार्यक्रम

**रायगढ़, 12 अगस्त।** भारत की स्वतंत्रता की 79 वीं वर्षगांठ का उत्सव रायगढ़ जिले में एक अनूठे और प्रेरणादायक रूप में मनाया जा रहा है। इस बार स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति का प्रतीक नहीं होगा, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनमानस में जागरूकता लाने का एक सशक्त मंच भी बनेगा।

राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार, जिले के 101 अमृत सरोवरों पर 15 अगस्त 2025 को भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों में ध्वजारोहण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, तिरंगा यात्रा और जलवायु साक्षरता जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे, जो न केवल स्वतंत्रता की भावना को जीवंत करेंगे, बल्कि एक हरित, स्वच्छ और समृद्ध भारत के संकल्प को भी बल देंगे।

अमृत सरोवर, जो भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निर्मित जल संरक्षण के प्रतीक हैं, इस स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों के केंद्र में होंगे। ये सरोवर न केवल जल संरक्षण और ग्रामीण समुदायों के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकजुटता का भी प्रतीक हैं। रायगढ़ जिले के 101 अमृत सरोवरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम इस बात का उदाहरण होंगे कि कैसे राष्ट्रीय गौरव और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य एक साथ साकार किए जा सकते हैं। इन सरोवरों के किनारे होने वाले आयोजन ग्रामीण समुदायों को एकजुट करेंगे और उन्हें स्वतंत्रता के मूल्यों के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाएंगे।

रायगढ़ जिला प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस 2025 के लिए एक व्यापक और प्रेरणादायक योजना तैयार की है। स्वतंत्रता दिवस की शुरुआत प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर प्रभात की प्रथम किरण के साथ तिरंगे के ध्वजारोहण से होगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की दीदियाँ और स्थानीय समुदाय के लोग उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान और देशभक्ति भजनों की स्वरलहरियाँ वातावरण को देशप्रेम की भावना से सराबोर करेंगी। यह क्षण प्रत्येक व्यक्ति के मन में स्वतंत्रता के मूल्यों और देश के प्रति समर्पण को और गहरा करेगा।पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सामूहिक वृक्षारोपण का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान में स्कूली बच्चे, कॉलेज के युवा, ग्राम पंचायत के सदस्य और स्थानीय समुदाय के लोग स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपेंगे। नीम, पीपल, बरगद, और आम जैसे पेड़ों का रोपण न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाएगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एकजुटता का संदेश भी देगा। यह कदम रायगढ़ जिले को हरियाली की ओर ले जाएगा और भावी पीढियों के लिए एक स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण करेगा।स्वच्छ भारत मिशन के तहत अमृत सरोवरों और उनके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण समुदाय, युवा स्वयंसेवक, और स्थानीय संगठन इस अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। कचरा हटाने, सरोवरों के किनारों की सफाई और जलाशयों को स्वच्छ रखने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

### सिपेट में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए एसटी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 12 अगस्त।** एनएमडीसी द्वारा, हैदराबाद स्थित केन्द्रीय पैट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिक संस्थान(सिपेट)में स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग हेतु दन्तेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों को मुफ्त में शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। यह स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग एनएमडीसी नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न समाचार पत्रों में माध्यम से भी जानकारी दी जा रही है। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार 5 दिनों के भीतर 16 अगस्त तक कार्यालयीन समय में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत विवरण एवं आवेदन का प्रारूप एनएमडीसी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए एनएमडीसी के अधिकारी श्री सुखराम गावड़े के मोबाइल नंबर 8305547737 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**महासमुंद 12 अगस्त।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज सभी स्कूलों और ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम ÷हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग÷ रखी गई है।

द्वितीय चरण के अंतिम दिन जिले के सभी स्कूलों में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राएं, अध्यापकगण, स्काउट एवं गाइड कैडेट्स उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा के दौरान देशभक्ति नारों और तिरंगे की शान के गीतों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर साहसिक प्रदर्शन के रूप में गेड़ी में ध्वज बांधकर गेड़ी चालन, डंडा नृत्य, कब बुलबुल बच्चों का प्रदर्शन तथा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागियों के जोश और उमंग ने कार्यक्रम में देशभक्ति की अद्भुत छटा बिखेरी।ज्ञात हो कि हर घर तिरंगा अभियान तीन चरणों में संचालित हो रहा है।

## समाचार संक्षेप

### प्रशासन ने छात्रों के लिए एआई का नि :शुल्क प्रशिक्षण शुरू किया



**बीजापुर, 12 अगस्त।** जिला प्रशासन बीजापुर ने डिजिटल युग की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) का निऱ्शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह पांच दिवसीय कोर्स स्कूल और कॉलेज स्तर के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।सोमवार को इंद्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के समय की क्रांतिकारी तकनीक है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और लगभग हर क्षेत्र में बदलाव ला रही है। अगर हम इस तकनीक को समय रहते सीख लें, तो हम भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहेंगेप्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ढ्ढ की मूलभूत अवधारणाओं, मशीन लर्निंग, डाटा विश्लेषण, चैटबॉट निर्माण, और विभिन्न व्यावहारिक प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रशिक्षक छात्रों को यह भी बताएंगे कि ढ्ढ का उपयोग रोजमर्रा के कार्यों, शोध कार्यों और रोजगार के नए अवसरों में कैसे किया जा सकता है। जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से बीजापुर के युवा डिजिटल भविष्य में कदम रखेंगे, बल्कि उसमें नेतृत्व की भूमिका भी निभाएंगे।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर गर्भवती महिलाओं की हुई विशेष स्वास्थ्य जांच



**रायगढ़, 12 अगस्त।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित प्रसव एवं स्वास्थ्य संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर विशेष जांच अभियान आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि इस अभियान में सभी विकासखंडों के स्वास्थ्य संस्थानों में जांच एवं परामर्श सेवाएं दी गईं। इस दौरान जिले के शासकीय अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक प्रयोगशाला परीक्षण, अल्ट्रासोनोग्राफी एवं पोषण संबंधी परामर्श दिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में प्रसव पूर्व जटिलताओं की समय पर पहचान कर मातृ मृत्यु दर में कमी लाना है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री रंजना पैकरा ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षित मातृत्व के लिए जागरूक किया जा रहा है। आगामी पीएमएसएमए दिवस 24 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा, जिसमें पुनऱ इसी तरह जांच एवं परामर्श कार्यक्रम होंगे।

### नि :शुल्क कोचिंग संस्थान में द्वितीय चरण में प्रवेश के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट 17 अगस्त को

**कांकेर 12 अगस्त ।** जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय कांकेर में प्रारंभ किये गये मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्थान नवम्बर 2024 से डाईट कांकेर एवं बीआरसी भवन कांकेर में प्रारंभ किया गया था जिसे नवीन भवन कचहरी प्रांगण कांकेर में शिफ्ट किया गया है। इस कोचिंग संस्थान के सुखद परिणाम अब प्राप्त हो रहे हैं, अभी हाल ही में आयोजित नगर सेना चयन परीक्षा में मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्थान के 30 बालिकाएं चयनित हुईं हैं। चयनित छात्राओं के अथक प्रयास से ही यह संभव हो पाया है। मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्थान द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं को प्रारंभ से ही लिखित परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। मावा मोदोल कोचिंग संस्थान के साथ ही साथ सेन्ट्रल लाइब्रेरी में भी निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है।

### आपदा पीड़ित दो परिवारों को 8 लाख रूपए की सहायता स्वीकृत

**कांकेर 12 अगस्त ।** कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब और गड्ढे में डूबने से मृत्यु होने के दो प्रकरण में उनके निकटतम आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपये की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा 25 वर्षीय प्रीतम उईके की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम सेलेगांव निवासी कीर्तन उईके और श्रीमती केशरबाई के लिए चार लाख रूपए तथा आमाबेड़ा तहसील के ग्राम बड़ेतेवड़ा निवासी 55 वर्षीय श्रीमती बजायबाई मंडावी की गड्ढे में गिरकर डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित रामसिंह के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

एक नजर

## फुटबॉलर रोनाल्डो ने इंगेजमेंट की



**पुर्तगाल, 12 अगस्त।** पुर्तगाल और अल नस्त्र के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रॉड्रिगेज के साथ सगाई कर ली है। जॉर्जिना ने इंस्टाग्राम पर एंगेजमेंट रिंग की फोटो शेयर की है। जॉर्जिना ने अपने हाथ और रोनाल्डो के हाथ की फोटो पोस्ट की और कैप्शन में लिखा, 'हां मैं आपसे प्यार करती हूं। इस जिंदगी और आने वाली हर जिंदगी में।' हालांकि, रोनाल्डो ने अब तक इसे लेकर कोई पोस्ट नहीं किया है।

रोनाल्डो और जॉर्जिना नौ साल (2016) से डेट कर रहे हैं। दोनों ने 2017 की शुरुआत में अपने रिश्ते की पुष्टि की थी और ज्यूरिख में फीफा फुटबॉल अवार्ड्स में पहली बार एक साथ दिखाई दिए थे। जॉर्जिना एक स्पेनिश मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इन दोनों के साथ में चार बच्चे हैं। एवा मारिया और मातेओ का जन्म 2017 में सरोगेसी से हुआ था। वहीं, 2017 में ही जॉर्जिना ने बेटी अलाना मार्टिना और 2022 में बेला एस्मेराल्डा को जन्म दिया था। इसके अलावा रोनाल्डो का एक बेटा भी है।

# विराट कोहली और रोहित का इंटरनेशनल करियर खत्म?

### चोपड़ा बोले- गलत फॉर्मेट में संन्यास ले लिया



**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा के मुताबिक विराट कोहली और रोहित शर्मा को टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास के बजाय वनडे को अलविदा कहना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जब आप टेस्ट नहीं खेल रहे तो वनडे के लिए खुद को मॉटिवेट कैसे करेंगे? फिट कैसे रहेंगे? वनडे मैच कम हैं तो साल में गिने-चुने दिन ही आप खेल पाएंगे।

क्या विराट कोहली और रोहित शर्मा का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर खत्म हो गया है? दोनों T20I और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। सिर्फ ODI से संन्यास नहीं लिया है। बताने की जरूरत नहीं कि उनकी नजर 2027 के एकदविसीय वर्ल्ड कप पर है जिसमें वह 2023 के वर्ल्ड कप फाइनल की चुभने वाली हार का दाग धोना चाहते हैं। टी20 वर्ल्ड कप जीतकर जिस तरह सबसे छोटे फॉर्मेट को अलविदा कहा, कुछ इसी तरह वह वनडे के लिए भी चाहते हैं। इस बीच पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि दोनों ने संन्यास ही गलत फॉर्मेट से लिया है।

बढ़ती उम्र और फिटनेस को देखते हुए दोनों का 2027 तक खेलना और वो भी सिर्फएक फॉर्मेट में बहुत मुश्किल लग रहा। एक हिंदी अखबार की रिपोर्ट की माने तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज के बाद बीसीसीआई की तरफसे दोनों को वनडे से संन्यास के लिए कहा जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, उनसे यह कहा जा सकता है कि अगर उन्हें 2027 वर्ल्ड कप में खेलना है तो उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी में खेलना होगा।

टीम इंडिया के पूर्व ओपनर आकाश चोपड़ा का तो मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने ही गलत फॉर्मेट से संन्यास का फैसला किया। उनके मुताबिक अगर दोनों को संन्यास लेना ही था तो टी20 के बाद वनडे को अलविदा कहना था, न कि टेस्ट को। दोनों ने जून 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी20 से और इस साल इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था।

आकाश चोपड़ा ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा, 'दोनों ने गलत फॉर्मेट से संन्यास ले लिया। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अचानक टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया। वे कह रहे हैं कि वे अब सिर्फ ओडीआई खेलेंगे। इससे मुझे समस्या है। मैं बताऊंगा कि क्यों। टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन फॉर्मेट है। वाइट बॉल क्रिकेट नीरस है, लेकिन टेस्ट के साथ ऐसा नहीं है। जब बैटर की बात आती है तो टेस्ट सबसे कठिन है जबकि ओडीआई सबसे आसान है।'

अपने पॉइंट को समझाने के लिए चोपड़ा ने कहा, 'अगर आप साल में सिर्फ6 एकदिवसीय मैच खेलते हैं तब आपको खेल के लिए सिर्फ6 दिन का समय मिलेगा। आप खुद को मॉटिवेटेड कैसे रखेंगे? आप तैयारी कैसे करेंगे? आप फिट कैसे रहेंगे और बेस्ट शेप में कैसे बने रहेंगे? यही मैं सोच रहा हूं। आपको कहना चाहिए था कि मैं वनडे या टी20 नहीं खेलूंगा, लेकिन मैं टेस्ट खेलूंगा। सोचिए, अगर आप इंग्लैंड के खिलाफसीरीज खेले होते तो आप 25 दिन तक खेले होते। उसके बाद आप वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफसीरीज खेलते।'

## रवि अश्विन ने सीएसके से अगले सीजन के लिए मांगी सफाई

### कहा- मुझे टीम से अलग होने में कोई दिक्कत नहीं



**मुंबई, 12 अगस्त।** टीम इंडिया के पूर्व ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से अगले सीजन को लेकर सफाई मांगी है। क्रिकइन्फो की रिपोर्ट अनुसार, अश्विन ने अपनी टीम सीएसके से साफ कह दिया है कि अगर टीम उन्हें रिटेन नहीं करना चाहती तो उन्हें पहले ही बता दे।

अश्विन ने टीम मैनेजमेंट से कहा है कि अगर वे टीम के फ्यूचर प्लान में फिट नहीं बैठते तो उन्हें अलग से होने से कोई परेशानी नहीं है। उन्हें बस ऑक्शन से पहले टीम इस बारे में इन्फॉर्म कर दे। अश्विन को छ्स्य ने पिछले मेगा ऑक्शन में 9.75 करोड़ रुपए की कीमत देकर खरीदा था। हालांकि, वे टीम के लिए 14 में से 9 मुकाबले ही खेल सके। जिसमें उन्होंने 7 विकेट लिए थे।

IPL में प्लेयर रिटेन और रिलीज करने की आखिरी तारीख ऑक्शन के 1 सप्ताह पहले तक रहती है। इस बार का मिनी ऑक्शन नवंबर से जनवरी के बीच हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि छ्स्य राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को टीम का हिस्सा बनाना चाहती है। हालांकि, इसके लिए क्र्र भी किसी बड़े प्लेयर की डिमांड ही कर रही है।

ऐसे में संभव है कि क्र्र रवि अश्विन को लेकर संजू सैमसन को रिलीज कर दे। हालांकि, सैमसन की कीमत अश्विन से 9.25 करोड़ रुपए ज्यादा है। ऐसे में राजस्थान जरूर अश्विन के साथ भी किसी प्लेयर को लेने की डिमांड कर सकती है।

रवि अश्विन ने पिछले दिनों अपने यूट्यूब चैनल पर संजू सैमसन के साथ पॉडकास्ट के माध्यम से एक इंटरव्यू अपलोड किया। इसमें अश्विन ने कहा, 'मैं राजस्थान के लिए 3 साल खेला। पहले साल के बाद ही मुझे CEO ने ई-मेल किया कि इस सीजन आपकी परफॉर्मेंस हमारी उम्मीदों से बेहतर रही, इसलिए हम आपका कॉन्ट्रैक्ट बढ़ा रहे हैं। ऐसा हर साल हुआ। मुझे लगता है कि यह हर फ्रेंचाइजी की जिम्मेदारी होती है कि वह खिलाड़ी को रिटेंशन के बारे में इन्फॉर्म करती रहे।

## एशिया कप : टीम इंडिया के लिए घातक साबित होगा ये फैसला

### पाकिस्तान को मिलेगा फायदा!



**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** एशिया कप 2025 सितंबर में खेला जाएगा। हालांकि अभी इसमें अभी करीब एक महीने का वक्त बाकी है, लेकिन इसका माहौल अभी से बनना शुरू हो गया है। शेड्यूल पहले ही जारी किया जा चुका है। इसी महीने यानी अगस्त के आखिरी सप्ताह में टीमों का ऐलान भी शुरू हो जाएगा। इस बीच बीसीसीआई ने एक ऐसा फैसला लिया है, जो टीम इंडिया पर भारी पड़ सकता है, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान की तैयारी जारी है।

भारतीय टीम ने अपना आखिरी टी20 मुकाबला फरवरी 2025 में खेला था। उस वक्त इंग्लैंड की टीम भारत के दौरे पर थी। तब से लेकर अब तक करीब छह महीने का वक्त गुजर गया है, लेकिन टीम इंडिया ने कोई भी टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। अब पूरा अगस्त का महीना खाली है। यानी टीम इंडिया करीब सात महीने बाद बिना किसी तैयारी के एशिया कप के लिए मैदान में उतर जाएगी। एशिया कप का आगाज तो 9 सितंबर से होगा, लेकिन भारत को अपना पहला मैच 10 सितंबर को खेलना है, जब यूएई से उसका आमना सामना होगा। इसके बाद होगा क्रिकेट की दुनिया का महामुकाबला जिसे भारत बनाम पाकिस्तान मैच कहते हैं। ये मैच 14 सितंबर को खेला जाएगा। यानी भारतीय टीम केवल एक ही मैच खेलकर सीधे पाकिस्तान के खिलाफ मैदान में उतर जाएगी। ये कतई अच्छे लक्षण नहीं हैं। ये बात सही है कि इसके बाद भी टीम इंडिया पाकिस्तान पर भारी पड़ेगी, लेकिन याद रखना होगा? कि कभी कभार कमजोर टीम भी ?भारी पड़ जाती है। जहां एक ओर टीम इंडिया बिना किसी विशेष तैयारी के एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ उतर जाएगी, वहीं पाकिस्तानी टीम भले कमजोर हो, लेकिन उसकी तैयारी अभी जारी है। अभी पाकिस्तान टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफतीन टी20 मैचों की सीरीज खेली है। इसके बाद जल्द ही पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई के बीच सीरीज खेली जाएगी। इससे पाकिस्तान की तैयारी काफी अच्छी हो जाएगी। बीसीसीआई को ध्यान रखना होगा कि खिलाड़ियों का आराम तो ठीक है, लेकिन कहीं ये आराम भारी ना पड़ जाए।

## सूर्यकुमार यादव के हाथ में ही रह सकती है टीम इंडिया की कमान



### एशिया कप 2025

**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** एशिया कप 2025 अगले महीने यानी सितंबर से खेला जाएगा। इसका शेड्यूल पहले ही जारी किया जा चुका है। टीमें अपनी अपनी तैयारी शुरू कर चुकी हैं। हालांकि टीम इंडिया अभी रेस्ट पर है और सीधे एशिया कप के लिए ही मैदान में उतरेगी। इस बीच सवाल ये है कि इस बार के एशिया कप में वे कौन कौन से खिलाड़ी होंगे, जो टीम इंडिया के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। चलिए एक नजर इस पर डालते हैं।

इस बार का एशिया कप टी20 फॉर्मेट पर खेला जाएगा। अभी इस टीम की कमान सूर्यकुमार यादव संभाल रहे हैं, यानी काफी ज्यादा संभावना इसी बात की है कि वे ही टीम के कप्तान बने रहेंगे। इस बीच बड़ी बात ये हो सकती है कि पिछले काफी समय से टी20 टीम से बाहर चल रहे शुभमन गिल की वापसी इस टीम में हो सकती है। यानी वे ओपनिंग के लिए के लिए एक बेहतर विकल्प होंगे। इससे पहले जब भारतीय टीम ने टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था, तब अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाली थी। अभिषेक तो इस वक्त टी20 के नंबर एक बल्लेबाज हैं, इसलिए उन्हें तो टीम से बाहर किया ही नहीं जा सकता। लेकिन देखना ये दिलचस्प होगा कि उनके लिए सलामी बल्लेबाज की भूमिका कौन निभाता है।

**इन खिलाड़ियों को भी मिल सकता है मौका**

सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा के अलावा संजू सैमसन भी टीम का हिस्सा रहेंगे। वे विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर पहली च्वाइस के बैटर होंगे। इसके अलावा दूसरे विकेट कीपर के तौर पर जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल में से किसी एक को मौका दिया जा सकता है। मिडल आर्डर में हार्दिक पांड्या तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर का नंबर आ सकता है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा खेलते हुए दिखाई दे सकत हैं। खास बात ये है कि इस बार टीम में जसप्रीत बुमराह भी शमिल किए जा सकते हैं, जिन्होंने काफी वक्त से कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है।

# व्यापार

## बाजार में अस्थिरता के बावजूद इक्विटी फंडों में रिकॉर्ड 42702 करोड़ का निवेश

### एयूएम 75 लाख करोड़ पार




**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** रिकॉर्ड निवेश के दम पर म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य पहली बार 75 लाख करोड़ के पार 75.36 लाख करोड़ हो गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, थीमैटिक फंड में सबसे अधिक 9,426 करोड़ रुपये का निवेश आया। टैरिफ वार से प्रभावित शेयर बाजार में अस्थिरता के बावजूद जुलाई में इक्विटी म्यूचुअल फंडों में रिकॉर्ड 42,702 करोड़ रुपये का निवेश आया।?यह जून के 23,587 करोड़ की तुलना में 81 फीसदी अधिक है। खास बात है कि इक्विटी म्यूचुअल फंडों में लगातार 53वें महीने निवेश आया है।

रिकॉर्ड निवेश के दम पर म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य पहली बार 75 लाख करोड़ के पार 75.36 लाख करोड़ हो गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, थीमैटिक फंड में सबसे अधिक 9,426 करोड़ रुपये का निवेश आया।?फ्लेक्सीकैप फंड में 7,654 करोड़, स्मॉलकैप में 6,484 करोड़, मिडकैप में 5,182 करोड़ और लार्ज-मिडकैप में 5,035 करोड़ का निवेश आया। इक्विटी-लिंक्ड सेविंग स्कीम्स (ईएलएसएस) को छोड़कर सभी इक्विटी श्रेणियों में निवेश हुआ। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में जुलाई में 1.8 लाख करोड़ का निवेश हुआ। यह जून के 49,000 करोड़ और मई के 29,000 करोड़ से अधिक है। डेट फंडों में 1.06 लाख करोड़ का निवेश हुआ है, जबकि जून में 1,711 करोड़ की शुद्ध निकासी हुई थी। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में शुद्ध निवेश घटकर 1,256 करोड़ रह गया, जो जून में 2,081 करोड़ रुपये था।

**एसआईपी में लगातार भरोसा, 28,464 करोड़ रुपये का निवेश**

एसआईपी के जरिये निवेश में खुदरा निवेशकों का भरोसा लगातार बना हुआ है। जुलाई में सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के तहत 28,464 करोड़ का निवेश आया। जून में यह 27,269 करोड़ था।

### ट्रंप टैरिफ विवाद के बीच सरकार की सलाह

## समुद्री खाद्य निर्यात के लिए नए बाजार तलाशें कारोबारी



**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** अमेरिकी टैरिफ वृद्धि के बीच सरकार ने समुद्री खाद्य निर्यातकों से नए बाजार तलाशने को कहा। कंद्रीय मत्स्यपालन पशुपालन एवं डेयरी मंत्री रजीव रंजन सिंह ने कहा कि यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रेलिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और कई देश भारतीय समुद्री खाद्य पदार्थों के निर्यात के लिए उपलब्ध हैं।

मंत्री ने कहा कि निर्यातकों ने 16वें वित्त आयोग के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) में शामिल करने के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने उच्च समुद्रों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों में मछली पकड़ने के संबंध में मसौदा दिशानिर्देश जारी किए हैं और एक महीने के भीतर जनता से टिप्पणियां मांगी है।

एनपीएस वात्सल्य योजना के तहत 3 अगस्त तक 1.30 लाख नाबालिग ग्राहक पंजीकृत हुए हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को यह जानकारी दी। चौधरी ने लोकसभा में कहा कि एनपीएस-वात्सल्य बच्चों के लिए प्रारंभिक बचत को प्रोत्साहित करके अंतर-पीढ़ीगत इक्विटी और वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देता है। साथ ही पीढ़ियों में सेवानिवृत्ति योजना की संस्कृति और आदत को बढ़ावा देता है।

पुरानी कर व्यवस्था के तहत, धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत 50,000 रुपये तक की आयकर कटौती को 1 अप्रैल, 2025 से माता-पिता या अभिभावक द्वारा किए गए एनपीएस-वात्सल्य योगदान के लिए बढ़ा दिया गया है।

## भारत ने बांग्लादेश के जूट उत्पादों के आयात पर लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** भारत ने सोमवार को बांग्लादेश से सड़क मार्ग से आने वाले जूट उत्पादों के आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच उठाया गया है। हालांकि विदेश व्यापार महानिदेशालय की अधिसूचना के अनुसार, इन वस्तुओं का आयात न्हावा शेवा समुद्री बंदरगाह के जरिए किया जा सकता है।

सूची में शामिल उत्पादों में जूट या अन्य रेशे से बने ब्लीच किए हुए और बिना ब्लीच किए हुए बुने हुए कपड़े, जूट की सुतली, डोरी, रस्सी और जूट के बोरे और थैले शामिल हैं। हालांकि विदेश व्यापार महानिदेशालय की अधिसूचना के अनुसार, न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से इन उत्पादों का आयात किया जा सकता है। भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित किसी भी जमीनी सीमा से बांग्लादेश से इन उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं होगी।

अधिसूचना में कहा गया है, बांग्लादेश से भारत में कुछ वस्तुओं के आयात को तत्काल प्रभाव से विनियमित किया जाता है। इससे पहले 27 जून को, भारत ने बांग्लादेश से सभी जमीनी मार्गों से कुछ जूट उत्पादों और बुने हुए कपड़ों के आयात पर प्रतिबंध लगाया था। उन्हें भी महाराष्ट्र के न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से आयात की अनुमति दी गई थी। उस समय जूट उत्पाद, सन टो और अपशिष्ट, जूट और अन्य बास्ट फाइबर, जूट, एकल सन यार्न, जूट का एकल यार्न, बहु तह, बुने हुए कपड़े या फ्लेक्स, और जूट के बिना ब्लीच किए बुने हुए कपड़े जैसी वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाए गए थे।

अप्रैल और मई में भी, भारत ने बांग्लादेश से आयात पर इसी तरह के प्रतिबंधों की घोषणा की थी। 17 मई को, भारत ने पड़ोसी देश से रेडीमेड कपड़ों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसी कुछ वस्तुओं के आयात पर बंदरगाह प्रतिबंध लगा दिए थे। नौ अप्रैल को, भारत ने मध्य पूर्व, यूरोप और नेपाल व भूटान को छोड़कर कई अन्य देशों को विभिन्न वस्तुओं के निर्यात के लिए बांग्लादेश को दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा वापस ले ली थी। भारत ने ये प्रतिबंध बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस की ओर से चीन में दिए गए विवादास्पद बयानों की पृष्ठभूमि में लगाए थे।

## एलन मस्क ने एपल पर प्रतिस्पर्धा विरोधी कानून के उल्लंघन का लगाया आरोप



**लंदन, 12 अगस्त।** जानेमाने कारोबारी एलन मस्क ने एपल पर एंटीट्रस्ट कानून (प्रतिस्पर्धा विरोधी कानून) के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि एपल ने कथित तौर पर ओपनएआई के अलावा किसी भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी के लिए एप स्टोर रैंकिंग में नंबर 1 स्थान तक पहुंचना असंभव बना दिया है। यह साफतौर पर एंटीट्रस्ट उल्लंघन बताया है। एलन मस्क ने सोमवार को एक 'एक्स' पोस्ट में कहा, xAI तुरंत कानूनी कार्रवाई करेगा।'

इससे पहले टेस्ला के प्रमुख मस्क ने आईफोन निर्माता के एप स्टोर की एप स्पॉटलाइटिंग प्रथाओं पर सवाल उठाया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक अन्य पोस्ट में कहा, 'एपल एप स्टोर, आप अपने जरूरी सेक्शन में एक्स या ग्रूक को डालने से इनकार क्यों करते हैं, जबकि एक्स दुनिया का नंबर 1 न्यूज एप है और ग्रूक सभी एप्स में नंबर 5 पर है? क्या आप राजनीति कर रहे हैं?'

प्रतिस्पर्धा विरोधी कानून (प्रतिस्पर्धा कानून) उन विनियमों पर आधारित हैं, जो उद्योगों और भौगोलिक बाजारों में निष्पक्ष और खुली प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं।

## ट्रंप टैरिफ से निपटने के लिए 50 देशों में निर्यात बढ़ाएगी सरकार




**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** वाणिज्य मंत्रालय निर्यात विविधीकरण, आयात प्रतिस्थापन और निर्यात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने सहित चार उपायों पर काम कर रहा है। इन स्तंभों पर विस्तृत विश्लेषण जारी है। मंत्रालय हर प्रत्येक उत्पाद पर बारीकी से काम कर रहा है। अमेरिका के 50 फीसदी के भारी टैरिफ से निपटने और निर्यातकों की सुरक्षा के लिए सरकार पश्चिम एशिया एवं अफ्रीका जैसे क्षेत्रों के 50 देशों में निर्यात बढ़ाने की तैयारी कर रही है।?खास बात है कि भारत के कुल निर्यात में इन देशों की हिस्सेदारी करीब 90 फीसदी है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया, वाणिज्य मंत्रालय निर्यात विविधीकरण, आयात प्रतिस्थापन और निर्यात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने सहित चार उपायों पर काम कर रहा है। इन स्तंभों पर विस्तृत विश्लेषण जारी है। मंत्रालय हर प्रत्येक उत्पाद पर बारीकी से काम कर रहा है। मंत्रालय पहले से ही 20 देशों में निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था।?अब इस रणनीति में 30 और देशों को शामिल किया गया है। इससे न सिर्फनिर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी, बल्कि अमेरिका से होने वाले नुकसान की भरपाई भी होगी।? वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत का निर्यात जून में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर रहा। व्यापार घाटा कम होकर चार महीने के निचले स्तर 18.78 अरब डॉलर पर आ गया। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-जून में देश से 112.17 अरब डॉलर का निर्यात किया गया। उच्च टैरिफ के बीच सरकार ने सी-फूड निर्यातकों से झींगा और दूसरी मछलियों के निर्यात के लिए वैकल्पिक बाजार तलाशने को कहा है।?केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा, यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रेलिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और कई देश भारतीय समुद्री खाद्य पदार्थों के निर्यात के लिए उपलब्ध हैं। सरकार छोटे कारोबारियों और निर्यातकों को 90 दिनों तक के बकाया कर्जों के लिए ऋण गारंटी सुविधा प्रदान करने की योजना बना रही है। वित्त मंत्रालय ने 5 अरब रुपये तक के कारोबार वाले संकटग्रस्त छोटे व्यवसायों को कर्ज देने के लिए बैंकों को 10 से 15 फीसदी ऋण गारंटी देने का प्रस्ताव दिया है।

## अच्छे मानसून के कारण खरीफ सीजन में धान की बुवाई 12 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली, 12 अगस्त।** चालू खरीफ सत्र में अब तक धान की बुवाई 12 प्रतिशत बढ़कर 364.80 लाख हेक्टेयर हो चुकी है। वहीं पिछले वर्ष इसी अवधि में धान की बुवाई 325.36 लाख हेक्टेयर में हुई थी। कृषि विभाग ने 8 अगस्त, 2025 तक खरीफ फसलों के अंतर्गत क्षेत्र कवरेज की प्रगति रिपोर्ट जारी की है। सभी खरीफ फसलों का कुल बुवाई क्षेत्र 8 अगस्त तक बढ़कर 995.63 लाख हेक्टेयर हो गया। यह एक साल पहले 957.15 लाख हेक्टेयर था। दलहनों का रकबा मामूली रूप से बढ़कर 106.52 लाख हेक्टेयर से 106.68 लाख हेक्टेयर हो गया, जबकि मोटे अनाजों का बुवाई रकबा 170.96 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 178.73 लाख हेक्टेयर हो गया। गैर-खाद्यान्न श्रेणी में तिलहन का रकबा 182.43 लाख हेक्टेयर से घटकर 175.61 लाख हेक्टेयर रह गया। कपास का रकबा 110.49 लाख हेक्टेयर से घटकर 106.96 लाख हेक्टेयर रह गया। हालांकि, गन्ने की बुवाई अब तक 57.31 लाख हेक्टेयर में हुई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 55.68 लाख हेक्टेयर में हुई थी। कुल मिलाकर फसलों की बुवाई इस साल अधिक हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने इस वर्ष मानसून के सामान्य से अधिक रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

एक नजर

## एम्स रायपुर के वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सम्मानित

**रायपुर, 12 अगस्त।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी श्री अरोकीराज यू को दो प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया है। उन्हें तमिलनाडु नर्सेस एंड मिडवाइव्स काउंसिल (टीएनएनएमसी) का 'स्पेशल इनोवेशन अवार्ड 2025' और मदर टेरेसा पोस्ट ग्रेजुएट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज, पुडुचेरी के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग का 'प्रेस्टीजियस एलुमनाई अवार्ड 2025' प्रदान किया गया। टीएनएनएमसी, जो एशिया और भारत की पहली नर्सिंग काउंसिल है, ने श्री अरोकीराज के बायोमेडिकल नवाचार और नर्सिंग-नेतृत्व वाले स्वास्थ्य सेवा परिवर्तन में विशिष्ट योगदान को मान्यता दी। यह सम्मान उन्हें 28 जुलाई 2025 को चेन्नई के वल्लुवर कोट्टम में आयोजित ऐतिहासिक शताब्दी उद्घाटन समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और टीएनएनएमसी के रजिस्ट्रार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## निगम मुख्यालय में महापौर करेंगी ध्वजारोहण

**रायपुर, 12 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 शुक्रवार को प्रातः 8 बजे रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन में ध्वजारोहण करेंगी. इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त श्री विश्वदीप, एमआईसी सदस्यगण, जोन अध्यक्षगण, पार्षदगण, नगर निगम अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहेंगे।

## नशे में स्कूल पहुंचने वाला प्रधान पाठक निलंबित

**बलरामपुर, 12 अगस्त।** ज़िले के वाड्रफनगर विकासखंड में पदस्थ एक प्रधान पाठक को शराब के नशे में स्कूल पहुंचना महंगा पड़ गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक शाला रूपपुर में पदस्थ प्रधान पाठक मनमोहन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि मनमोहन सिंह बीते शुक्रवार को नशे की हालत में विद्यालय पहुंचे थे। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने खुद यह स्वीकार किया कि उन्होंने डॉक्टर की सलाह पर शराब पी है। शिकायत मिलने पर शिक्षा विभाग ने पहले उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके बाद जांच में दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई। निलंबन के दौरान मनमोहन सिंह का मुख्यालय अब विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कुसमी रहेगा।

# सूखे खेतों के लिए बांधों और नहरों से पानी छोड़ने की मांग

## आरंग, अभनपुर, धरसींवा तिल्दा के असिंचित क्षेत्रों में स्थिति खराब

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 12 अगस्त।** जिले के आरंग, अभनपुर, धरसींवा तिल्दा तथा रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले अशिक्षित क्षेत्रों के किसान अब बादल की ओर टकटकी लगाकर देख रहे हैं। प्यासे खेतों को पानी की जरूरत है। अमूमन प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी यही स्थिति है, वहीं महासमुंद जिले में भी स्थिति दयनीय है।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में इस समय व्यापक वर्षा नहीं हो रही है, किसानों ने बोआई के पश्चात निदाई तथा बियासी का काम शुरू कर दिया है। किसानों के अनुसार इस समय पिछले दिनों अच्छी वर्षा हुई थी, जिसके चलते किसानों ने बियासी तथा निदाई का कार्य कर दिया तथा खेतों में खाद भी बड़ी मात्रा में डाल दिया है। लेकिन पिछले एक सप्ताह से पानी नहीं गिरने तथा तेज धूप होने के कारण खेत सूख गए हैं। यहां पर कई स्थानों पर खेत में दरारे भी पड़ने लगी है, कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार एक लाख 96 हजार एकड़ में कृषि कार्य किया जाता है। अधिकांश में धान की खेती होती है, इस समय आरंग, धरसींवा, तिल्दा तथा अभनपुर के कई क्षेत्रों में किसान परेशान तथा आसमान की ओर टकटकी लगाकर देख रहे हैं।

अभनपुर के पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा कि ब्लाक में 50 हजार एकड़ में धान लगाया गया है, लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण धान के पौधे सूख रहे हैं। उन्होंने बताया कि महानदी की मुख्य नहर से पानी छोड़ने की मांग की है। साहू ने बताया कि शीघ्र ही मुख्य अभियंता के कार्यालय जाएंगे तथा पानी छोड़ने की मांग करेंगे। वहां पर किसान पानी का इंतजार कर रहे है। विधायक अनुज शर्मा के अनुसार धरसींवा के अंतर्गत तिल्दा ब्लाक में कई गांव आते हैं, जहां पर स्थिति अच्छी नहीं है, उन्होंने भी पानी छोड़ने की मांग की है। आरंग के विधायक खुशवंत साहेब ने भी पानी देने की मांग की है। भाटापार केनाल से भी पानी छोड़ने की मांग की है।

महासमुंद जिले के पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल ने बताया कि यहां पर स्थिति बेहद खराब है, यहां पर किसानों को तत्काल पानी देने की मांग की है। यहां पर जोक प्रोजेक्ट के नहीं बनने यह क्षेत्र सिंचित नहीं है। उन्होंने बताया कि महासमुंद, सरायपाली, बसना तथा बागबाहारा विधानसभा क्षेत्र में पानी की कमी है।

# मितानिनों की हड़ताल जारी

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 12 अगस्त।** राजधानी के समीप तूता में मितानिनों की हड़ताल जारी है, मितानिन युक्तियुक्तकरण, वेतन निर्धारण सहित अन्य मांगों को लेकर यहां पर धरने में बैठी है, जिसके कारण स्वास्थ्य विभाग में काम-काज प्रभावित हो रहा है।


मिली जानकारी के तूता स्थित धरना स्थल पर पिछले कई दिनों से स्वास्थ्य विभाग के अधीन कार्य करने वाली महिला कर्मचारी हड़ताल पर बैठी हुई है, उनकी मांग है कि उन्हें आकर्षक वेतनमान सहित अन्य सुविधाएं दी जाए। धरना स्थल पर विभिन्न जिलों की महिलाएं आंदोलन पर बैठी हुई हैं।

राज्य शासन के अधिकारियों के अनुसार अभी तक इनकी समस्याओं पर विचार नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर इस हड़ताल को समाप्त करने एवं इनकी मांगो पर कोई विचार नहीं हो रहा है, अधिकारियों के अनुसार इस समय स्वास्थ्य विभाग में आईएस अधिकारियों की एक तकड़ी फौज बैठी हुई, लेकिन ये अधिकारी फिलहाल खरीदी में व्यस्त हैं।

# रायपुर मास्टर प्लान को लेकर कुल 176 शिकायतें

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक राजेश मूणत के सुझाव भी मिले

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 12 अगस्त।** रायपुर के मास्टर प्लान-2031 में गड़बड़ियों को लेकर 176 शिकायतें आई हैं. इनमें सबसे ज्यादा 56 शिकायतें परसतराई व 24 शिकायतें रावांभाठा से प्राप्त हुई हैं. अलग-अलग इलाकों में 14 सड़कों में गड़बड़ियां होने की शिकायतें हैं. वहीं, सांसद बृजमोहन अग्रवाल व रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत के सुझाव भी मिले हैं.

बताया गया है कि नगर तथा ग्राम निवेश विभाग की टीम इन शिकायतों को लेखबद्ध व परीक्षण कर गड़बड़ियों को सुधारने की तैयारी में जुट गई है. संचालक नगर तथा ग्राम निवेश और संबंधित विभागीय अधिकारियों के बीच इन शिकायतों व सुझावों पर लगातार विचार-मंथन चल रहा है. गौरतलब है कि वर्ष 2023 में रायपुर का नया मास्टर प्लान लागू के बाद जैसे ही लोगों ने नक्शा देखा, शिकायतों की झड़ी लग गई. तालाब की जमीन पर कॉलोनी, मुख्य सड़कों की चौड़ाई कम, कुछ सड़कें तो गायब दी गई. विधानसभा में भी यह मामला उठ चुका है.


समिति द्वारा शिकायतों व गड़बड़ियों की जांच के बाद रिपोर्ट नगर तथा ग्राम विभाग के संचालक को सौंपी गई है, लेकिन विसंगतियों को सुधारे बिना ही मौजूदा मास्टर प्लान लागू है. विसंगतिपूर्ण मास्टर प्लान के प्रावधानों के आधार पर ही भवन निर्माण व जमीन विकास की मंजूरी दी जा रही है. विभागीय अधिकारियों की मानें तो मास्टर प्लान की खामियों को जल्द ही दुरुस्त कर लिया जाएगा.

### इन बिंदुओं पर हो चुकी जांच

नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के मुताबिक जांच समिति द्वारा फील्ड सर्वे कर 6 अहम बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार गई है. इनमें मिश्रित जोन, आमोद प्रमोद भूमि, जलाशय पर कब्जा, भूमि उपयोग में गड़बड़ी आदि शामिल है.

# 7 हजार टन से ज्यादा चावल की हेराफेरी 894 राशन दुकानों में गड़बड़ी उजागर

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 12 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित राशन दुकानों में बड़े पैमाने पर चावल की हेराफेरी का खुलासा हुआ है। राज्य भर में हुए भौतिक सत्यापन में 7,891 टन से अधिक चावल का स्टॉक कम पाया गया, जिससे खाद्य विभाग में हड़कंप मच गया है। यह जांच 31 मार्च 2024 तक की स्थिति पर आधारित थी, जिसमें प्रदेश की 13,779 राशन दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान 894 दुकानों में चावल के स्टॉक में भारी गड़बड़ी उजागर हुई। मामले में कार्रवाई करते हुए 101 दुकानों का आवंटन निलंबित, 72 का आवंटन रद्द, और 19 दुकानदारों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा 94 दुकानों से बकाया वसूली के लिए आरआरसी भी जारी किया गया है। खाद्य विभाग का कहना है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी इस तरह के निरीक्षण जारी रहेंगे। विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# 8 नए ड्रग पैडलर गिरफ्तार

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 12 अगस्त।** राजधानी में चल रहे पाकिस्तानी ड्रग नेटवर्क को लेकर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। इस बार 8 नए ड्रग पैडलरों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे फिलहाल पूछताछ जारी है। कुछ दिन पहले इसी नेटवर्क से जुड़े 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से लवजीत सिंह और सुवित श्रीवास्तव समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसमें कई अहम जानकारियां सामने आईं। पूछताछ के दौरान ही 8 और पैडलरों के नाम सामने आए, जिनके मोबाइल से ड्रग्स के ऑर्डर और पेमेंट से जुड़ी जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस के अनुसार, रायपुर में बड़े पैमाने पर ड्रग्स की बिक्री हो रही थी, जिसमें कई इलाकों से सप्लाई की जा रही थी जैसे कि राजातालाब और अन्य क्षेत्र। पैडलर कभी कूरियर के जरिए, तो कभी घर तक ड्रग्स की डिलीवरी कर रहे थे। ये लोग सुवित के निर्देश पर काम कर रहे थे। सभी आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं और उनमें से ड्रग्स लेन-देन की चैटिंग भी पुलिस को मिली है। इसके अलावा, लवजीत और सुवित ने एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया था, जिसमें ड्रग्स से जुड़े कोडवर्ड्स का इस्तेमाल होता था ताकि कोई आसानी से पकड़ न सके। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि ड्रग्स के पैसे किन-किन बैंक खातों में ट्रांसफर हुए हैं। इससे इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और तस्करों की पहचान करने में मदद मिल सकती है।

# पर्यटन में सेवा प्रदाताओं के लिए छग के 770 युवाओं को मिला प्रशिक्षण

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर/नई दिल्ली 12 अगस्त।** पर्यटन क्षेत्र में सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण यानी सीबीएसपी योजना में छत्तीसगढ़ में अब तक 770 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है। समूचे देश में 5.54 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया है। रायपुर के भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवाल पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से यह जानना चाहा था कि सरकार द्वारा शुरू की गई सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण मतलब सीबीएसपी योजना का अल्पकालिक कौशल प्रमाणन प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित इस मसले पर अन्य कार्य प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है, और इस योजना के अंतर्गत इसकी शुरुआत से अब तक प्रशिक्षित व्यक्तियों की छत्तीसगढ़ सहित समूचे देश में जिलावार संख्या कितनी है। उन्होंने उक्त योजना के अंतर्गत पिछले 5 वर्षों के दौरान स्वीकृत और जारी की गई निधि का भी विवरण पूछा।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण सीबीएसपी नामक अपनी योजना के अंतर्गत सरकारी और सूचीबद्ध निजी संस्थाओं के माध्यम से अतिथि और पर्यटन से संबंधित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है। इन कार्यक्रमों में हुनर से रोजगार तक उद्यमिता कार्यक्रम कौशल प्रशिक्षण एवं प्रमाणन, पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम आदि शामिल है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार इन प्रशिक्षकों के लिए देश में 2019-20 से 2023 24 तक कुल 106. 26 करोड रुपए स्वीकृत और जारी किए गए हैं। वर्ष 2023 24 में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कुल 153 सरकारी और निजी एजेंसियों का चयन किया गया है।

इन प्रशिक्षकों के परिणाम स्वरुप प्लेसमेंट, स्वरोजगार उद्यमिता के साथ-साथ कई प्रशिक्षु डिप्लोमा और डिग्री जैसे उच्च शिक्षा के विकल्प भी चुन रहे हैं।

इसकी शुरुआत से अब तक 59210 लोगों को प्लेसमेंट मिल चुका है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों सहित विविध समूह के उम्मीदवारों के लिए नियमित रूप से अतिथि और पर्यटन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।

# दिव्यांग बच्चों को मिल रहा वाद्य यंत्रों का विशेष प्रशिक्षण



**रायपुर, 12 अगस्त।** ज़िले में ऐसे विशेष बच्चे, जो अब अपने हुनर से दुनिया को बता रहे हैं कि दिव्यांग होना किसी भी तरह से उनकी प्रतिभा की सीमा नहीं है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश तथा कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन पर प्रोजेक्ट दिव्य धुन के अंतर्गत इन दिव्यांग छात्र-छात्राओं को कला केंद्र, रायपुर के माध्यम से गायन तथा तबला, गिटार, ढोलक, हारमोनियम जैसे वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उद्देश्य केवल संगीत सिखाना नहीं, बल्कि उन्हें एक मंच देना है जहां वे आत्मविश्वास के साथ अपनी कला को दुनिया के सामने रख सकें। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों के चेहरे पर अब एक नई चमक है। संगीत ने उनमें नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और पहचान का भाव भरा है। प्रशिक्षक भी इन बच्चों की सीखने की लगन से अभिभूत हैं।

## अपर आयुक्त ने सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता का किया निरीक्षण

**रायपुर, 12 अगस्त।** अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय ने स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान और जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल सहित जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा की उपस्थिति में नगर निगम जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत डॉक्टर ए. पी. जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक 19 में जगरीन तालाब के किनारे सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत दिशा - निर्देश का पालन करते हुए शौचालयों की स्वच्छता सतत मॉनिटरिंग कर बनाये रखने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जोन 8 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक को स्थल पर दिए।

# आवारा पशुओं की धरपकड़ जारी



**रायपुर, 12 ।** राजधानी में इन दिनों दिन हो या रात आवारा पशु मार्गों में बैठे रहते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते है, जीईरो तथा बाइपास में रात को स्ट्रीट लाईट नहीं होने के कारण और भी खतरा बढ़ जाता है।

पशु मालिकों को बार-बार चेतावनी देने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं देते इसलिए पूरे मामले को हाईकोर्ट ने संज्ञान में लिया है। प्रदेश के मुख्य सचिव ने सभी जिला अधीक्षकों, एसपी को मोबाइल में एसएमएस कर निर्देशित कर कहा कि वे आवारा पशुओं को हटाने में तत्काल कार्रवाई करें।

निगम द्वारा मिली जानकारी के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा - निर्देश के अनुरूप महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनो की टीमो द्वारा अभियान चलाकर जोन क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गों में गॉनिटरिंग करके सड़को पर आवारा पशुओ की धरपकड़ कर उन्हें गौठानो में काउकेचर वाहन से भेजे जाने की कार्यवाही प्रतिदिन निरंतर प्रगति पर है।

अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा सभी 10 जोनों में दिन भर अभियान चलाकर राजधानी शहर रायपुर निगम क्षेत्र में विगत आठ दिनों में विभिन्न सड़क मार्गो से 471 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर उन्हें गौठानों में भेजा गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रतिदिन दिन भर चलाये जा रहे अभियान की सतत मॉनिटरिंग महापौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष, आयुक्त के निर्देश पर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय और निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रीति सिंह द्वारा की जा रही है और सभी जोन कमिश्नरों ने जोन स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर आवारा पशुओं को काऊकैचर वाहनों की सहायता से गौठानों में भिजवाने की व्यवस्था दी जा रही है.

# संतान की लंबी आयु के लिए माताएं करेंगी 14 को हलषष्ठी का व्रत

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 12 अगस्त ।** हर वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पहले भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हल षष्ठी का व्रत रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस तिथि को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बललाम जी का जन्म हुआ था। हिंदू धर्म में हल षष्ठी व्रत का विशेष महत्व होता है, इसे कई दूसरे नामों से भी जाना जाता है जैसे- बलदेव छठ, ललही छठ, हर छठ, चंदन छठ, रांधण छठ और तिनछठी आदि। धार्मिक मान्याओं के अनुसार इस दिन पर ही बलराम का जन्म हुआ और इस दिन इनकी पूजा करने का विशेष महत्व होता है। हलछठ पर भगवान बलराम जी की पूजा के साथ छठ माता की भी पूजा करने का विधान होता है और संतान की लंबी आयु और सुखी जीवन के लिए कामना की जाती है। आइए जानते हैं हलछठ पूजा तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व के बारे में विस्तार से...

बलराम जयंती जिसे हलछठ के नाम से भी जाता है, यह पर्व रक्षाबंधन के बाद और जन्माष्टमी के पहले मनाया जाता है। इस वर्ष हलछठ जयंती 14 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार षष्ठी तिथि की शुरुआत 14 अगस्त 2025 को सुबह 4 बजकर 23 मिनट होगी और इसका समापन 15 अगस्त को सुबह 02 बजकर 7 मिनट पर होगी।

हल षष्ठी व्रत का विशेष महत्व है, क्योंकि इसे रखने से व्रती महिलाओं के संतान की सुरक्षा और दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस व्रत को करने से संतान को रोग, भय, और अनिष्ट से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा, यह व्रत घर-परिवार में सुख-शांति और समृद्धि लाने वाला माना जाता है। हल षष्ठी व्रत, जिसे ललही छठ या चंदन छठ भी कहा जाता है, मुख्य रूप से उत्तर भारत में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह व्रत भाद्रपद महीने की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है और इसे विशेष रूप से महिलाओं द्वारा संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है। बलराम जी का मुख्य शस्त्र हल और मूसल है इसलिए उन्हें हलधर भी कहा जाता है और उन्हीं के नाम पर इस पावन पर्व का नाम हल षष्ठी पड़ा है। हलषष्ठी के दिन माताओं को महुआ की दातुन और महुआ खाने का विधान है।

हलछठ व्रत की विधि-

इस दिन व्रती महिलाएं प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करती हैं। इसके बाद वे घर के आंगन में गोबर से लीप कर एक चौक बनाती हैं और उस पर हल और भगवान बलराम का प्रतीक बनाकर पूजा करती हैं। पूजा में विशेष रूप से हल से जुड़ी वस्तुएं जैसे कि हल्दी, चावल और विभिन्न प्रकार के अनाज का प्रयोग किया जाता है। इस दिन हल का उपयोग करने की मनाही होती है, इसलिए व्रती महिलाएं इस दिन बिना हल के निकले हुए अनाज और फलों का ही सेवन करती हैं।

बलराम जयंती को हलछठ के नाम जाना जाता है। दरअसल इस तिथि पर भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलरामजी का जन्म हुआ था। बलराम जी को शेषनाग का अवतार माना जाता है और इन्हे कृषि का देवता भी कहा जाता है। बलरामजी के हाथों में हल होता है जिसके कारण से इनकी जयंती को हरछठ भी कहा जाता है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26